दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 293 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 18 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल ने सूरजकुंड में प्रदेश के मुद्दों को दमदार तरीके से उठाया, सटीक भाषण रहा चर्चा का विषय

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में पंजाब , हरियाणा और दिल्ली के मुख्यमंत्री से पानी, पर्यावरण ,प्रदूषण जैसे बड़े मुद्दों पर समन्वित और सहयोग की भावना से काम करने की अपील की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में दमदार तरीके से प्रदेश के कई बड़े मुद्दों को उठाया और बैठक में मौजूद पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के मुख्यमंत्री से पानी पर्यावरण प्रदूषण आंतरिक सुरक्षा अवैध पदार्थ की तस्करी जैसे बड़े विषयों पर बेहतर तालमेल समन्वय और सहयोग की भावना से काम करने की आवश्यकता जताई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न ज्वलंत और बड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक तरीके से सटीक भाषण प्रस्तुत किया और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बैठक में मौजूद सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को समन्वित और सहयोगात्मक भाव से काम करने की अपील की, बैठक में मौजूद गृहमंत्री अमित शाह भी मुख्यमंत्री शर्मा के सटीक भाषण से काफी प्रभावित नजर आए। मुख्यमंत्री शर्मा का यह भाषण बैठक में मौजूद कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां मौजूद विभिन्न राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों में चर्चा का विषय भी बना रहा ,बैठक में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अपने-अपने स्टेट में खुफिया तंत्र को मजबूत करने पुलिसिंग में नए-नए तरीकों और नवाचार करने के साथ साथ सभी राज्यों को एकजुट होकर समन्वित भाव से कार्य करने की अपील की इसके अलावा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल और नियमित संवाद बनाए रखने पर भी अमित शाह ने जोर दिया। अमित शाह ने बैठक में विभिन्न राज्यों के बीच आपस में कई मुद्दों को लेकर चल रहे विवाद को भी बिना किसी ईगो और बिना किसी राजनीतिक द्वेषता के पब्लिक हित में सुलझाने के लिए ठोस पहल की आवश्यकता पर जोर दिया, बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ,हिमाचल के मुख्यमंत्री ,चंडीगढ़ के उपराज्यपाल, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से आए बड़े प्रशासनिक अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान से पंजाब की नहर से राजस्थान की नहर में आने वाले गंदे पानी और प्रदूषित पानी की समस्या के निवारण के लिए पंजाब सरकार की ओर से ठोस पहल करने की बात कही और कहा कि राजस्थान के श्री गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के किसान कई बार पंजाब की नहर से गंदा पानी और प्रदूषित पानी आने को लेकर काफी परेशान रहते हैं , कई बार बड़ी संख्या में लाश भी आती हैं इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पंजाब सरकार को ठोस पहल करनी होगी इसके अलावा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए राजस्थान और पंजाब पुलिस के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय को और मजबूती देने की बात कही। पंजाब से पानी को लेकर जो विवाद चल रहा है उस मुद्दे को भी जल्दी से जल्दी अच्छी बातचीत के दौर के माध्यम से सुलझाने की बात कही इसके अलावा आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाणा, पंजाब, दिल्ली जैसे पड़ोसी राज्यों की पुलिस को एक दूसरे से नियमित रूप से संपर्क में रहने खुफिया जानकारी आपस में शेयर करने गैंगस्टरों की गतिविधियों की जानकारी आपस में शेयर करने जैसे विषयों पर और ध्यान देने की जरूरत बताई ।बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने हरियाणा से हुए यमुना समझौते की डीपीआर बनाने की प्रोग्रेस रिपोर्ट की भी चर्चा की और इस समझौते बेहतर तरीके से संपादित करने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री से सहयोग मांगा बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री से एस वाईएल का जल्दी से जल्दी निर्माण करने की बात कही ताकि राजस्थान और हरियाणा को समुचित पानी मिल सके । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदूषण के मामले में दिल्ली और राजस्थान को बेहतर तरीके से काम करने की आवश्यकता जताई ।

## बस-टैंकर की भीषण टक्कर, उमराह के लिए गए 45 भारतीयों की मौत




नई दिल्ली

**(एजेंसी)**सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया है कि सऊदी अरब में हुए बस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी हैं। मीडिया से बात करते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि 'बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे।

### सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा

## हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ भजनलाल सरकार ने याचिका दायर की



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने करीब ढाई महीने बाद एक बड़ा फैसला लेते हुए सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 के हाई कोर्ट की ओर से रद्द करने के निर्णय को हाई कोर्ट की डबल बेंच में चुनौती दी है । सरकार के इस निर्णय से यह क्लियर हो गया है कि प्रदेश सरकार इस भर्ती परीक्षा को रद्द करने के मूड में बिल्कुल भी नहीं है ।हाई कोर्ट की डबल बेंच में हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के निर्णय के खिलाफ चुनौती देने के क्रम में प्रस्तुत की गई याचिका में सरकार की ओर से कहा गया है कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का पेपर पूरे प्रदेश में लिक नहीं हुआ था कुछ लोगों की गलती की वजह से इस भर्ती परीक्षा को रद्द नहीं किया जा सकता ,भर्ती प्रक्रिया रद्द किए जाने से इसका असर ईमानदार अभ्यर्थियों के जीवन पर पड़ेगा प्रदेश सरकार की ओर से याचिका में कहा गया है की भर्ती में कुछ ही अभ्यर्थियों के पास केंद्र से लीक हुआ पेपर पहुंचा था वही जो पेपर आरपीएससी से लीक हुआ था। वह केवल आरपीएससी सदस्यों के बच्चे और दलालों तक ही पहुंचा था पूरे प्रदेश में पेपर लीक नहीं हुआ अगर इस भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाता है तो यह ईमानदारी से चयनित हुए अभ्यार्थियों और उनके परिजनों के साथ अन्याय होगा। यदि भर्ती में सही और गलत को पकड़ना संभव है तो फिर पूरी भर्ती रद्द नहीं की जानी चाहिए । उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 28 अगस्त को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया था। नियमों के मुताबिक किसी भी फैसले के खिलाफ 60 दिन के अंदर खंडपीठ में अपील की जा सकती है अब सरकार ने 60 दिन भी जाने के बाद अपील पेश की है इसलिए अपील के साथ एक देरी माफी का प्रार्थना पत्र भी लगाया गया है । जानकारी केअनुसार इस मामले में चयनित अभ्यर्थियों की ओर से दाएं याचिका पर पहले ही सनी हो रही है यदि हाईकोर्ट इस अपील को स्वीकार करता है तो इस अपील की भी इस याचिका के साथ सुनवाई हो सकती है मामले में चयनित अभ्यर्थियों की अपील पर सुनवाई 24 नवंबर को होनी है । एकल पीठ के 28 अगस्त को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ चयनित अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में अपील की थी डिवीजन बेंच ने 8 सितंबर को सुनवाई करते हुए एकल पीठ के 28 अगस्त के आदेश पर रोक लगा दी थी इसके बाद डिवीजन बेंच के फैसले के खिलाफ अन्य अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर यथा स्थिति के आदेश दिए थे वही डिवीजन बेंच को तीन माह में सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए थे ।

## रेल संचालन में संरक्षा हेतु फॉग सेफ्टी डिवाइस सहित किये विशेष प्रबन्ध

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के कारण मुख्यत रेल यातायात भी प्रभावित होता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल के रेलखण्ड प्रमुखत कोहरे की अधिकता से प्रभावित रहते है। कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डो में रेलसेवाओं के सुरक्षित संचालन के लिये रेलवे ने विशेष अतिरिक्त प्रबन्ध किये है। जिसमें सम्बंधित विभाग इंजीनियरिंग सिगनल एंव दूरसंचार विद्युत यांत्रिक परिचालन व संरक्षा विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की परिस्थिति में संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशानिर्देश जारी किये गए है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के दौरान गाडी संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को देखते उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रबंध किये गए है। संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिये अमिताभ महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए समीक्षा बैठक में भी निर्देशित किया। उत्तर पश्चिम रेलवे पर कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में चलने वाली समस्त रेलसेवाओं के लोको पायलेट को फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध करवाये गए है। सम्पूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 1500 फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध है एवं इन सभी में धुन्ध कोहरे वाले रेलखण्ड की जीपीएस मैपिंग कर दी गई है। इस रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल पर प्रायः धुन्ध एवं कोहरे की अधिकता रहती है। इस कारण इन मण्डलों पर अधिक संख्या में फोग सेफ्टी डिवाईस का प्रयोग किया जाता है। फोग सेफ्टी डिवाईस को इंजन पर लगा दिया जाता है, यह डिवाईस ऑन होने के बाद जीपीएस प्रणाली द्वारा उस खण्ड में स्थित सभी सिग्नलों की दूरी के बारे में लोको पायलेट को पूर्व में ही अवगत कराता रहता है। जिससे लोको पायलेट अपनी गाडी की स्पीड की नियंत्रित कर संरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त कोहरे वाले रेलखण्डों में सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है तथा कम तापमान के दौरान रेल वेल्डिंग फेलियर की पहचान कर उनको रिपेयर किया जा रहा है तथा फिश प्लेटों का अनुरक्षण ट्रेक रिन्यूअल जैसे कार्य पूरे किए जा रहे है। कोहरे वाले रेलखण्ड के स्टेशनों समपार फाटकों एवं पूर्व चिन्हित जगहों पर डेटोनेटर पटाखे की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लोको पायलेट को सिगनल एवं अन्य संकेतको की दृश्यता ठीक प्रकार से दिखे इसके लिए संकेतको पर पुनः पेटिंग एवं चमकीले साईन बोर्ड तथा संकेतको के पास गिट्टियों को चुने से रंगा गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे खण्ड में पेट्रोलिंग की आवृति को बढाकर रेलपथ की निगरानी को बढाया गया है। कोहरे के मौसम में संरक्षा को सुदृढ करने के लिए रेलकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था, निरीक्षकों अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टॉफ की सजगता को लगातार चैक किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे कोहरे के मौसम में रेलयात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा हेतु कटिबद्ध है।

# शेख हसीना को मिली फांसी की सजा

नई दिल्ली।



**(एजेंसी)** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ लगे 5 गंभीर आरोपों पर अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पूर्व पीएम को दोषी बताते हुए, उन्हें फांसी की सजा दी है। अदालत के इस फैसले से न सिर्फ बांग्लादेश बल्कि पूरी दुनिया में सनसनी फैल गई है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में शेख हसीना को मानवता के खिलाफ कदम उठाने का दोषी माना है। कोर्ट ने पूर्व पीएम के अलावा बांग्लादेश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जस्टिस मोहम्मद गोलाम मजूमदार की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि तीनों आरोपी प्रदर्शनकारियों की हत्या में शामिल थे, जिसके कारण पूरे देश में हिंसा भड़की थी। कोर्ट ने शेख हसीना और कमाल को भगोड़ा घोषित करते हुए चौधरी अब्दुल्ला को सजा देने की बात कही है। कोर्ट ने माना कि हसीना सरकार ने छात्रों की मांग को नजरअंदाज किया। वहीं, जब भारी संख्या में स्टूडेंट्स सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे, तो पूर्व पीएम ने आपत्तिजनक बयान देते हुए उन्हें 'रजाकार' कह डाला। शेख हसीना के इस बयान के बाद छात्राओं समेत सभी स्टूडेंट्स का गुस्सा भड़क गया और प्रदर्शनकारियों ने हिंसा शुरू कर दी। हिंसा पर काबू पाने के लिए शेख हसीना ने सख्त एक्शन लेने का आदेश दिया। शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के छात्र लीग और युवा लीग समेत अलग-अलग शाखाओं ने ढाका विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स पर हल्ला बोल दिया। शेख हसीना ने मानवता के खिलाफ अपराध किया है। 5 अगस्त के दिन चंखारपुल में 6 प्रदर्शनकारियों को मारा गया था। शेख हसीना के आदेश पर तत्कालीन गृह मंत्री और आईजी ने एक्शन लिया, जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई थी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल हुई बांग्लादेश हिंसा में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 लोगों की जान गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे। वहीं, बांग्लादेश में हालात बेकाबू होने के बाद शेख हसीना ने 5 अगस्त 2024 को देश छोड़ दिया था।

# दिया कुमारी का जनता दरबार: बड़ी संख्या में महिलाओं ने घूमर महोत्सव पर की चर्चा

### सिविल लाइंस आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए लोग, शिकायतों के समाधान के लिए उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को जयपुर में सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश बरसे लोग बड़ी संख्या में आए। इस बार इस जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ी। जनसुनवाई कार्यक्रम में पहली बार महिलाओं की बड़ी संख्या देखकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी काफी चकित रह गई ,लेकिन बाद में जब दिया कुमारी को यह पता चला कि यह महिलाएं 19 नवंबर को प्रदेश के सभी संभागों पर आयोजित होने वाले घूमर महोत्सव कार्यक्रम के लिए चर्चा पर आई हैं तो उनके चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। दिया कुमारी ने मौके पर मौजूद महिलाओं से घूमर महोत्सव को लेकर काफी देर तक चर्चा की महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए दिया कुमारी से वादा किया । जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देश पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शुरू से ही अपने सिविल लाइंस आवास पर निर्धारित दिन पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करती रही है। इस कार्यक्रम में हमेशा ही बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं ,उनके विद्याधर नगर निर्वाचन क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग अपनी बात और शिकायत लेकर यहां जनसुनवाई कार्यक्रम में आते रहते हैं, इसलिए इस जनसुनवाई कार्यक्रम में दिया कुमारी के निर्देश पर करीब करीब सभी विभागों के बड़े अधिकारी उपस्थित रहते हैं, सोमवार को भी यहां बड़ी संख्या में प्रदेश के कोने-कोने से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, हालांकि सोमवार को महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा थी और ज्यादातर महिलाएं घूमर महोत्सव को लेकर उत्साहित थी। इसी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा करने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम में आई हुई थी । जनसुनवाई कार्यक्रम में दिया कुमारी ने प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत के निस्तारण के लिए निर्देशित भी किया । इस जनसुनवाई कार्यक्रम को दिया कुमारी सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं मानती हैं, बल्कि प्रत्येक जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाले शिकायतों का बाकायदा तिथि वार संकलन होता है, कितनी शिकायतें आई किस विभाग की कितनी शिकायतें हैं कितनी शिकायतें दूर हुई कितनी शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ और शिकायतों के निस्तारण नहीं होने के क्या कारण है इन सब के बारे में नियमित रूप से फीडबैक लेती रहती हैं ,इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारी भी जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हैं यही वजह है कि दिया कुमारी के इस जनसुनवाई कार्यक्रम में लोग यही उम्मीद लेकर आते हैं कि उनकी शिकायत का यहां पर निश्चित रूप से निवारण होगा इसीलिए हर जनसुनवाई कार्यक्रम में उनके यहां बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंचते हैं ।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
18 नवम्बर, 2025

## 23 से 26 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव का होगा भव्य आयोजन

### चार दिवसीय मत्स्य उत्सव में आयोजित होंगे विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 23 से 26 नवम्बर तक मत्स्य उत्सव आयोजित होगा जिसमें 23 नवम्बर को प्रातः 5.30 बजे श्री जगन्नाथ जी मंदिर में विशेष आरती के साथ ही मत्स्य उत्स्व का शुभारम्भ होगा। पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव ने बताया कि मत्स्य उत्सव के प्रथम दिन 23 नवम्बर को प्रातः 7.30 बजे से नेहरू गार्डन से नगर वन तक साइकिल रैली निकाली जाएगी एवं सांय 7 बजे से पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में क्लासिकल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 24 नवम्बर को राजा भर्तृहरि पैनोरमा पर प्रातः 10 बजे मेहन्दी, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता एवं दोपहर 12 बजे भर्तहरि नाटिका का मंचन होगा तथा सांय 7 बजे से पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 25 नवम्बर को प्रातः 7 बजे पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में योगा व मेडिटेशन कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे सागर जलाशय पर हैण्डी क्राफ्ट एण्ड फूड मेले का आयोजन होगा, सांय 4 बजे होप सर्कल से सागर तक कल्चरल कार्निवल एवं पारम्परिक शोभायात्रा का आयोजन होगा तथा सांय 7.30 बजे से मूसी महारानी छतरी पर प्रसिद्ध राजस्थानी फोग कलाकारों का सांकृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। मत्स्य उत्सव के अंतिम दिन प्रातः 11 बजे पुरजन विहार (कम्पनी बाग) में फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं सांय 5.30 बजे लालडिग्गी पर अतुल्य अलवर कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## जिले में खुलेगा नया औषधि भंडार गृह

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के प्रयासों से जिले में नया औषधि भंडार गृह स्थापित करने के लिए 580.17 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। भंडार गृह का निर्माण सैटेलाइट अस्पताल खैरथल में किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर कार्य शुरू किया जाएगा नए भंडार गृह से जिले की सभी चिकित्सा संस्थाओं को दवाइयों की समय पर आपूर्ति हो सकेगी। अभी दवाइयां अलवर भंडार केंद्र से मिलती हैं। इस सुविधा के शुरू होने से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और निःशुल्क दवाइयाँ समय पर उपलब्ध होंगी यह जानकारी सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट ने दी।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज होंगी विभिन्न गतिविधियां आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 18 नवम्बर को गुरू नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसी कडी में जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 18 नवम्बर को नशे के खिलाफ ऑनलाइन, ऑफलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विद्यालय, आवासीय विद्यालय, छात्रावास एवं महाविद्यालय स्तर पर नशा विरोधी प्रतियोगिता एवं सेमिनार का आयोजन तथा नशे के खिलाफ जनजागरूकता हेतु सामूहिक रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नशीली दवाओं के दुरूपयोग के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने हेतु सोशल मीडिया सहित मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार तथा जिला स्तर पर आयोजित गतिविधियों को एनएमबीए ऐप पर दर्ज करना जिसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके।

## *नगर निगम क्षेत्र में 2 दिसम्बर तक विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर आयोजित*


जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्वनिधि संकल्प अभियान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 2 दिसम्बर तक विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि 18 नवम्बर को गालिब सैयद देवीजी की गली स्कूल, 19 नवम्बर को विजय नगर घोबी घट्टा नेशनल गर्ल्स स्कूल, 20 नवम्बर को शिवाजी पार्क सामुदायिक भवन, 21 नवम्बर को नयाबास सैनी धर्मशाला कालाकुआं, 24 नवम्बर को ट्रांसपोर्ट नगर आर्य नगर स्कूल, 25 से 26 नवम्बर तक खुदनपुरी अम्बेडकर नगर, 27 से 28 नवम्बर तक दिवाकरी अम्बेडकर छात्रावास, 1 दिसम्बर को मूंगस्का सैक्टर नंबर 5 कार्यालय एवं 2 दिसम्बर को कालाकुआं युवरानी महेन्द्राकुमारी सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में पीएम स्वनिधि योजना के वंचित लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की सामाजिक, आर्थिक प्रोफाइलिंग कराकर केंद्र सरकार की 9 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभांवित करवाया जाएगा। उन्होंने इन योजनाओं में वंचित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कैम्प में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बिल्खा रिसोर्ट, कटी घाटी अलवर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि



के रूप में नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जूली तथा PCC द्वारा नियुक्त अलवर शहर विधानसभा के पर्यवेक्षक कृष्ण शर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की। इस प्रशिक्षण शिविर में स्ङ्ग को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन, बूथ प्रबंधन, संगठन मज़बूती, तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बीएलए को प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और बीएलए साथियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भंवर जितेन्द्र सिंह, टीकाराम जूली, कृष्णा शर्मा, योगेश मिश्रा, ललित यादव, शकुंतला रावत, रोहिताश चौधरी, संजय यादव, बिजेंद्र महलावत, जोगेंद्र कोचर, जयदीप आर्यन, प्रीतम महंदीरता, श्वेता सैनी, लीली यादव, कमलेश सैनी, जमशेद खान, राकेश बैरवा, रमन सैनी, गौरी शंकर विजय, राजेश कृष्ण सिद्ध, हिरेंद्र शर्मा, धर्मेन्द्र खटीक, पंडित सुरेश पूंछरी, रवि मीना, विक्रम यादव, मुकेश सारवान, अंकित गोयल, अनवर साजिद, प्रकाश गंगावत, दिनबंधु, पप्पू सैनी, छंगमल लखेरा, डॉ संदीप सैनी अलवर शहर के बीएलए, तथा वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# माही गीत-ग़ज़ल एवं भजन संध्याः सुर-रस से सराबोर हुआ बांसवाड़ा





जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** भारत विकास परिषद, शाखा माही एवं संगीत-प्रेमियों द्वारा आयोजित 'माही गीत-ग़ज़ल एवं भजन संध्या' नगर में अत्यंत गरिमामयी, सौम्य और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सांस्कृतिक रंगों से सजी यह सुरमयी संध्या देर तक उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध करती रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. इंद्रजीत यादव, जिला कलेक्टर, तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. राजेश भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर पूंजीलाल गायरी, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. जे. कै. तायलिया, उद्योगपति, उदयपुर एवं पूर्व सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी हरिश्चंद्र कलाल ने की। संगीत संध्या में प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक डा. प्रेम भंडारी एवं डॉ. पामिल भंडारी (मोदी) ने सूफियाना अंदाज़, ग़ज़लों, नज़्मों, दोहों और भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं के मन को रससिक्त किया। प्रेम भंडारी की प्रस्तुति के दौरान मंच पर भावनाओं का एक शांत-सागर उमड़ पड़ा, जब उन्होंने अपने विशिष्ट स्वरों में यह मतला गाया-

### 'सुरों की सेज पर जब रात उतर आती है,

तो हर दिल में कोई पुरानी याद जग जाती है।' इस प्रस्तुति ने समूचे वातावरण को और अधिक आत्मीय एवं भाव-विह्वल बना दिया। सहकलाकारों में अमित शर्मा, दक्ष शर्मा (रतलाम), दादू अली (उज्जैन), रितेश पवार तथा नयन नगर (बांसवाड़ा) ने अपने वादन एवं संगत से कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ कामना त्रिवेदी के मंगलाचरण से हुआ। अतिथियों का स्वागत भुवनेश्वरी मालोत, रमेश चंद्र जैन, अनंत गुप्ता, देवीलाल गुर्जर, शैलेश सेठ, हितेंद्र गुप्ता, प्रभात शाह, जय गिरिराज सिंह चौहान, मणिलाल यादव, आशा मित्तल आदि गणमान्यजनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुबोध मालोत एवं पुष्पा सैनी ने किया, जबकि अंत में भुवनेश्वरी मालोत ने भावपूर्ण शब्दों में धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थाके अध्यक्ष हरिश्चंद्र कलाल के द्वारा अतिथियों को अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जन सम्पर्क अधिकारी कल्पना डिडौर एडवोकेट भूषण जैन, नईम शेख, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव उपाध्याय, रोटरी क्लब के अध्यक्ष उत्तम जैन सरोज शाह, डॉ. रश्मि दोषी, अल्पा भावसार, बबीता गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक गोपीचंद मीणा, एसटी-एससी सेल उपाध्यक्ष श्याम सिंह, शैलेंद्र भट्ट, हेमंत पाठक, सैयद मिर्जा हिन्दुस्तानी, शब्बीर जमाली सहित अनेक संगीत-रसिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## *गाँव की ओर कदम–लायंस क्लब अलवर मत्स्य का निःशुल्क मेडिकल शिविर 23 को*

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा 'आओ चले गाँव की ओर' मुहिम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में आगामी 23 नवम्बर 2025 को हमीरपुर (बानसूर), जिला बहरोड़-कोटपुतली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की मेडिकल मोबाइल यूनिट और युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल एवं कॉलेज की मेडिकल टीम अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करेगी। शिविर की तैयारी के लिए एम.जे.एफ. लायन रामबाबू गुप्ता के नेतृत्व में 7 सदस्यीय दल 16 नवम्बर को हमीरपुर पहुँचा तथा देवीजी मंदिर के नीचे शिविर स्थल निर्धारित किया गया। दल में एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल व लायन रुपेश गुप्ता सम्मिलित रहे। लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर की विशेषता यह होगी कि एलोपैथी व होमियोपैथी दोनों पद्धतियों से निःशुल्क परामर्श, दवाइयाँ तथा जाँचें करवाई जाएँगी। प्रमुख जाँचों में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, थाइरॉइड, हीमोग्लोबिन (विशेषकर गर्भवती महिलाओं हेतु), आँखों की जाँच तथा वजन मापन शामिल रहेंगे। शिविर तैयारी से पूर्व काँजी हाउस, बुद्ध विहार गौशाला में एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता द्वारा उनके पिता की स्मृति में प्रति माह की 16 तारीख को आयोजित होने वाली गौ सवामनी भी सम्पन्न की गई, जिसमें ताज़ी सब्जियाँ और मीठे में गुड़ चढ़ाया गया। गौशाला में घायल व बीमार गौओं की स्थिति की जानकारी भी ली गई। कार्यक्रम में क्लब के कई सदस्यों- एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, एम.जे.एफ. लायन रामबाबू गुप्ता, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल व लायन रुपेश गुप्ता ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली जिला निष्पादन समिति समीक्षा बैठक



### बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्तरोत्तर सुधार एवं प्रोजेक्ट ई विद्या के तहत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति की बैठक लेकर प्रोजेक्ट ई-विद्या, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्ययोजना एवं मिड-डे मील योजना की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों का लर्निंग आउटकम बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु रिमेडियल कक्षाएं, मेंटरशिप प्रोग्राम, प्री बोर्ड इत्यादि के माध्यम से विशेष प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष अभियान के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में बोर्ड परीक्षा परिणामों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाते हुए इसे प्रतिवर्ष दोगुना करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग के रैंकिंग पैरामीटर में लगा बेहतर प्रदर्शन करें ताकि जिले को उच्च स्थान प्राप्त हो सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट ई-विद्या के तहत जिले में पीईईओ स्तर के 210 क्रियाशील ई-लाइब्रेरी के अतिरिक्त शेष में यथाशीघ्र लाइब्रेरी की स्थापना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रत्येक विद्यालय की ई -मैगज़ीन एवं ब्लॉग क्रिएशन कर बच्चों से रचनात्मक लेखन करवाएं जाएं।

### मिड-डे मील योजना की समीक्षा की

अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त खाना उपलब्ध हो इसके लिए खाद्य सामग्री एवं दुध की आपूर्ति समयबद्ध हो तथा कुक कम हेल्पर का समयबद्ध भुगतान व खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को और अधिक पोषण युक्त खाद्य सामग्री हेतु समस्त विद्यालयों में न्यूट्रिशन गार्डन विकसित करावें। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता, एडीपीसी मनोज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश मेहता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक देवेंद्र सिंह सहित समस्त सीबीईओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने रेजिडेंसी सोसायटी एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर एसआईआर के कार्य में सहयोग करने की कि अपील





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिला स्वीप नोडल अधिकारी सालुंखे गौरव रविंद्र ने रेजिडेंसी सोसायटी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्षों एवं सदस्यों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के संबंध में अलवर शहर विधानसभा में गणना प्रपत्र (ईएफ) के संग्रह एवं डिजिटलीकरण के बारे में बूथ लेवल अधिकारी के सहयोग से प्रगति लाने हेतु जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिले में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी रेजिडेंसी सोसायटी एवं व्यापारिक संघों का सहयोग अपेक्षित है। अतः आमजन को जागरूक कर एसआईआर के कार्य में जिला प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ) को सुगमता से ऑनलाइन माध्यम से यथाशीघ्र यथाशीघ्र भरने की अपील की।

### गणना प्रपत्र संग्रहण के कार्य का किया निरीक्षण

विधानसभा कठूमर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल के द्वारा गणना प्रपत्र संग्रहण के कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ को कार्य में गति लाने एवं गणना प्रपत्र त्रुटिरहित भराने के निर्देश दिये।

## विद्या मंदिर में सप्तशक्ति कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर टाइम्स





**राजगढ़(निसं.)** केदारनाथ धामाणी आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को माता-बहनों का सप्तशक्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में जिला सह संयोजिका डॉ. रक्षा शर्मा, गायत्री परिवार की सीमा विजय, आईटीआई अध्यक्ष सुमनलता यादव व प्रीति शर्मा ने राष्ट्र रक्षा, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता व नागरिक कर्तव्य पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने उपस्थित माता-बहनों से पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ी को संस्कारित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शीतल शर्मा व सरोज सैनी ने किया। प्रश्नोत्तरी में उत्साहपूर्वक भागीदारी रही और सही उत्तर देने वाली माता-बहनों को श्रीमद्भगवद् गीता भेंट की गई। छात्रा जिया सैनी ने समय प्रबंधन और अर्चना मीणा ने चरित्र निर्माण पर वक्तव्य दिया। शांति मंत्र व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्याएँ सुनीता मीणा, कृष्णा मीणा, बबीता कोली, उषा सैनी, पायल सैनी, डिंपल सैनी और संतोष सैनी ने सहयोग दिया।


## सरदार@150 यूनिटी मार्च का आज भगत सिंह चौक से होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स





**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुरू किए गए Sardar@150 nity March अभियान के जिला स्तरीय शुभारम्भ की घोषणा सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। यह राष्ट्रव्यापी पहल युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और नागरिक कर्तव्य की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। 6 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रव्यापी डिजिटल शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देश के प्रति गर्व की भावना बढ़ाना, राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा सरदार पटेल द्वारा किए गए एकीकरण के कार्य को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने बताया कि 10 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं ने 'माय भारत पोर्टल' पर राष्ट्रीय एकता, नागरिक जिम्मेदारी व सरदार पटेल के नेतृत्व जैसे विषयों पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बताया कि युवा 20-30 सेकंड के देशभक्ति-आधारित वीडियो पोर्टल पर अपलोड करेंगे। एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण मुख्य विषय रहेंगे। शीर्ष 10 विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। रियल-टाइम लीडरबोर्ड और प्रमाण पत्र सुविधा के साथ विभिन्न क्विज़ आयोजित होंगी। माय भारत पोर्टल पर जारी की जाने वाली इस श्रृंखला के सार्वजनिक श्रवण कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। सभी गतिविधियों के दौरान कियोस्क एवं QR कोड के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण किया जा रहा। मार्च से पूर्व स्कूल-कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि प्री-इवेंट आयोजित किए जाएंगे। युवाओं को नशा-मुक्त भारत शपथ, स्वदेशी मेले, स्वदेशी संकल्प सहित कई जनजागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन 18 नवंबर को भगत सिंह चौक से लेकर जिला सचिवालय खैरथल तक किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिलाध्यक्ष मानसिंह चौधरी ने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा संगठनों, MY Bharat, NSS, NCC एवं स्थानीय प्रशासन से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने और अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पवन यादव, पंकज यादव मौजूद रहे।



# प्रशासनिक व्यवस्था का स्वर्णिम अध्याय लिखने की काबिलियत रखते हैं वी श्रीनिवास

**फूलों का नहीं कांटों का ताज मिला है नए मुख्य सचिव को, अनेक खूबियों वाले इस सीनियर आईएएस अफसर ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अद्वितीय और अद्भुत बुद्धि कौशल और कार्यों की छोड़ रखी है छाप, प्रदेश की 8 करोड़ की जनता और भजनलाल सरकार को श्रीनिवास से है काफी उम्मीद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दफ्तर के सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद आईएएस अफसर वी. श्रीनिवास कितने काबिल और टैलेंटेड अफसर हैं यह इसी बात से सिद्ध हो जाता है कि इन्हें राजस्थान और दिल्ली में बार-बार बुलाकर महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी दी गई राजस्थान केडर से जुड़े रहने के बावजूद भी इन्हें बार-बार दिल्ली बुलाया गया और फिर बार-बार ही राजस्थान में महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी दी गई इनकी अद्भुत प्रशासकीय क्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन्होंने भारत में ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खुद को साबित किया यह अकेले भारत के ऐसे ऑफिसर जो इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज के अध्यक्ष पद पर चुने गए बाकायदा इनका निर्वाचन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वोटिंग के आधार पर हुआ और उन्होंने ऑस्ट्रिया के एक अधिकारी को अच्छे मतों के अंतर से हराया जो भारत की ब्यूरोक्रेसी के लिए और भारत के लिए गौरव का विषय है यह ऐसे अधिकारी हैं जो अपने डिजिटल प्रशासनिक व्यवस्था के कार्यों के लिए जितने देश और विदेश में लोकप्रिय और चर्चित रहे तो उतने ही जमीन से जुड़ी सरकारी योजनाओं को ठीक तरह से संपादित करने के मामलों में भी अपने अद्भुत छाप छोड़ी इन्होंने गांव खेती उत्पादकता जैसे क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करके दिखाया वर्षा आधारित कृषि में सर्वोच्च उत्पादन के लिए जो प्रयास और कार्य किया उन्हें लोग आज भी नहीं भूले हैं इसीलिए इन्हें नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल की ओर से अवार्ड दिया गया, श्रीनिवास अपने नवाचारों नए प्रयोग और विभागीय अद्वितीय नेतृत्व क्षमता से अब तक की अपनी सरकारी नौकरी में जो कार्य किया है उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि इन्होंने नौकरी नहीं की बल्कि सर्विस को विजन की तरह जिया है और एक-एक पल का उपयोग लोगों की भलाई प्रदेश और देश के विकास के लिए समर्पित भाव से किया इसीलिए इन्हें बार-बार कभी दिल्ली तो कभी राजस्थान बदलाव की मंशा के साथ सरकारों ने काम करने का मौका दिया और इन्होंने केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार दोनों को अपने कार्यों से प्रभावित किया इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दफ्तर में श्रीनिवास को सबसे ज्यादा इज्जत और सम्मान मिला हुआ है क्योंकि केंद्र और राजस्थान दोनों जगह पर भाजपा की सरकार हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह यह दोनों ही नेता देश के अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान पर विशेष फोकस रखे हुए हैं ऐसे में श्रीनिवास के राजस्थान में मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने की वजह के पीछे केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार दोनों का एक बहुत बड़ा विजन छिपा हुआ है प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को उम्मीद है कि नए मुख्य सचिव श्रीनिवास राजस्थान में प्रशासनिक व्यवस्था का स्वर्णिम अध्याय जरूर लिखेंगे जो प्रदेश की जनता के लिए तो हितकर होगा ही इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में भी काफी सहायक होगा हालांकि यह आसन कार्य नहीं है कठिन और विपरीत परिस्थितियों में श्रीनिवास ने मुख्य सचिव की कुर्सी संभाली है श्रीनिवास यह भी जानते हैं कि यह फूलों का नहीं बल्कि कांटों का ताज है लेकिन उन्हें अपने नेतृत्व क्षमता अपने बुद्धि कौशल और लंबे प्रशासनिक अनुभव का भी अच्छी तरह से एहसास है अब तक की उनकी सरकारी नौकरी में उन्होंने दिल्ली और राजस्थान में जितनी भी जिम्मेदारी संभाली उन सब में इनका परफॉर्मेंस लाजवाब रहा इसलिए अब एक बार फिर से श्रीनिवास ने दिल्ली से जयपुर की ओर अपना रुख किया तो वह पूरे जोश और जज्बे के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने के लिए यहां आए हैं और प्रदेश के लोग इन्हें उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं



## बचपन में सरकारी स्कूल में वैदिक और संस्कृत धर्म ग्रंथो का भी अध्ययन किया, 22 साल की उम्र में सिविल सर्विसेज में सिलेक्शन हुआ

नए मुख्य सचिव श्रीनिवास का जन्म साधारण परिवार में हुआ स्कूल की पढ़ाई भी ग्राम पंचायत के स्कूल में की स्कूल की पढ़ाई में वैदिक और संस्कृत धर्म ग्रंथ का भी अध्ययन किया जब श्रीनिवास का जन्म तेलंगाना में हुआ था उस समय तेलंगाना आंध्र प्रदेश का हिस्सा था श्रीनिवास के पिता एंटोमोलॉजिस्ट थे जो नेशनल मलेरिया इरिगेशन प्रोग्राम से जुड़े हुए थे इसलिए श्रीनिवास बचपन में अपने माता-पिता के साथ मलेरिया प्रभावित गांव में ही रहे इनकी माता उस समय वहां उन गिनी चुनी महिलाओं में थी जो वकालत की पढ़ाई कर रही थी इसलिए बचपन से ही श्रीनिवास को घर पर माता-पिता से अच्छे संस्कार मिले अनुशासन और सेवा भाव जैसे गुण बचपन से ही उनके दिल में समा गए थे क्योंकि ग्रामीण परिवेश में बचपन बिताने से अभाव की जिंदगी जीते लोगों को नजदीकी से देखा था शायद यही वजह है कि इन्होंने अब तक की अपनी सर्विस की नौकरी में जनता के लिए जारी की गई सरकारी योजनाओं का इन्होंने बहुत ही अच्छी तरह से क्रियान्वयन करवाया ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके बचपन में वैदिक और संस्कृत धर्म ग्रंथ पढ़ने से श्रीनिवास अच्छे कर्म और अच्छे विचारों को अपने जीवन चरित्र में उतारा जो अब तक उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बने हुए हैं सरकारी स्कूल में पढ़ने के बावजूद बचपन से ही श्रीनिवास पढ़ाई में काफी टैलेंटेड रहे बाद में हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी से इन्होंने 1987 में केमिकल में बीटेक और 1989 में एमटेक किया तथा 22 साल की उम्र में ही भारतीय प्रशासनिक सेवा में इनका सिलेक्शन हुआ और राजस्थान कैडर दिया गया लेकिन अपने शुरुआती प्रशासनिक सर्विस के दिनों में ही अपने अद्वितीय बुद्धि कौशल नवाचार और अद्भुत प्रशासकीय नेतृत्व क्षमता से जो भी पद और जिम्मेदारी मिली उसको शानदार ढंग से निभाया जिसकी वजह से बहुत ही कम समय में अपने कार्यों अपनी वर्किंग स्टाइल अपने नवाचारों तथा डिजिटल प्रशासनिक क्षमता के अद्वितीय कौशल से देश के श्रेष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की लिस्ट में टॉप पर नजर आने लगे प्रदेश के नए मुख्य सचिव श्रीनिवास जितने पढ़ने में कुशाग्र बुद्धि और टैलेंटेड थे उतने ही खेलने में भी कॉलेज और यूनिवर्सिटी स्तर पर हमेशा आगे रहे बैडमिंटन में 1980 से 1989 तक करीब 10 साल तक हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी और आंध्र प्रदेश की बैडमिंटन टीम के कप्तान रहे और राष्ट्रीय स्तर पर अपने श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन की छाप छोड़ी अपनी यूनिवर्सिटी को कई मेडल दी, जितने पढ़ाई में चैंपियन रहे उतने ही खेल में भी चैंपियन रहे 1984 में जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऑल इंडिया के नरंग कप जीता और 1989 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता में उस्मानिया बैडमिंटन टीम के कप्तानी करके टीम को गोल्ड मेडल जिताया बचपन से ही श्रीनिवास की कद काठी काफी अच्छी थी खूबसूरत तो दिखते थे ही इसके अलावा अच्छे संस्कारों से परिपूर्ण होने से इनकी एक अलग ही पर्सनालिटी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के जमाने से ही नजर आने लगी थी जो आज तक बरकरार है जितने शारीरिक रूप से मजबूत है उतने ही मानसिक रूप से भी काफी मजबूत है नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच के धनी तो है ही इसके अलावा गरीब मजदूर किसान और जरूरतमंद लोगों के कल्याण और विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं चाहे केंद्र सरकार हो या राजस्थान सरकार जिस भी सरकार ने इन्हें जिस भी जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी थी उस जिम्मेदारी को नौकरी समझ कर नहीं बल्कि विजन के रूप में बखूबी से निभाया

## अच्छे लेखक और शोधकर्ता होने के अलावा श्रेष्ठ लेक्चरर्स भी रहे

नए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े मंच शेयर किया इन अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय मंच पर दुनिया भर के विशेषज्ञों की ओर से अलग-अलग समय में अलग-अलग विषयों पर संगोष्ठी विचार गोष्ठी जैसे आयोजन में श्रीनिवास ने सारगर्भित और तथ्यात्मक तरीके से कई विषयों पर अपने विचार रखे । जिन्हें दुनिया भर में पसंद किया गया इन महत्वपूर्ण मंचों पर दुनिया भर के विशेषज्ञ लोगों की ओर से प्रस्तुत किए गए विचारों का संकलन करने में भी श्रीनिवास कभी पीछे नहीं रहे । श्रीनिवास हमेशा नए प्रयोग और नए आइडिया हर क्षेत्र में लागू करने की ओर देखते रहते हैं। इसके लिए दुनिया भर का माहौल और दुनिया भर के लोगों के विचार जानना भी जरूरी रहता है इसीलिए श्रीनिवास ने जितने भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस जिस विषय पर मंच शेयर किया उनका उन्होंने निचोड़ निकलने का प्रयास भी किया । इसके लिए उन्होंने अनेक शोध पत्र लिखें करीब 250 शोध पत्र अब तक श्रीनिवास लिख चुके हैं इसके अलावा 175 से ज्यादा बार लेक्चरर्स अनेक विषयों पर अलग-अलग जगह पर दे चुके है । अपनी सर्विस के दौरान श्रीनिवास अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भी पोस्टेड रह चुके हैं यहां पोस्टिंग के दौरान भी उन्होंने जो अनुभव हासिल किये उन पर शोध पत्र लिखें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के 25 वर्ष के विश्लेषण को लेकर भी श्रीनिवास ने बहुत ही तयात्मक और सारगर्भित तरीके से शोध लिखें जिन्हें दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञ काफी महत्वपूर्ण मानते हैं श्रीनिवास ने जी-20 की भारतीय अध्यक्षता पर भी शोध पत्र लिखा जो अपने आप में एक अनूठा दस्तावेज है श्रीनिवास ने द मैच टू न्यू इंडिया जैसी किताब भी लिखी है जो काफी सुर्खियों में रही जानकारों का कहना है कि श्रीनिवास की प्रशासकीय अद्भुत लीडरशिप क्षमता डिजिटल प्रशासनिक क्षमता और अपनी तकनीकी निपुणता के दम पर इन्होंने हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों की ब्यूरोक्रेसी में भी लोकप्रियता हासिल की ।

## राजस्थान राज्य खान खान और खनिज निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और दिल्ली में आवासीय आयुक्त की जिम्मेवारी भी मिली

श्रीनिवास राजस्थान के मुख्य सचिव पद पर नियुक्त हो गए हैं इसके अलावा इन्हें राजस्थान राज्य खान और खनिज निगम लिमिटेड का अध्यक्ष भी बनाया गया है तथा दिल्ली में आवासीय आयुक्त की जिम्मेदारी भी इन्हें दी गई है । इन सब में राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड की जिम्मेदारी देने का सरकार का निर्णय काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रदेश में खान विभाग एक ऐसा महत्वपूर्ण विभाग है जो प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देने से सीधा जुड़ा हुआ है । इसके अलावा यह विभाग भ्रष्टाचार को लेकर भी कई सालों से प्रदेश में सुर्खियों में रहा है अब जिस तरह से श्रीनिवास को प्रदेश के खान और खनिज सेक्टर जिम्मेदारी सौंप गई है । वह निश्चित रूप से प्रदेश की इकोनॉमी को गति देने और मजबूत देने में काफी सहायक साबित होगी खान सेक्टर में प्रदेश के भजनलाल सरकार डिजिटल सिस्टम को मजबूती से लागू करने का प्रयास कर रही है। श्रीनिवास जो पहले से ही डिजिटल प्रशासनिक क्षमता के लिए पूरे देश में माने जाते हैं अपने इस अनुभव और नए तरीकों प्रयोग को खान सेक्टर में भी लागू करके खान विभाग में कथित भ्रष्टाचार को दूर करने का प्रयास करेंगे तो दूसरी तरफ खान विभाग से प्रदेश की तिजोरी में ज्यादा से ज्यादा पैसा आए इसके लिए भी श्रीनिवास की ओर से नए प्रयोग और नए तरीकों के लागू होने की संभावना है । प्रदेश में अवैध खनन को रोकने और बंद पड़ी खान को फिर से शुरू करने प्रयास भी श्रीनिवास की ओर से किए जाएंगे इसमें कोई संदेह नहीं प्रदेश के खान सेक्टर को ईमानदारी से और ठीक तरह से प्रबंध किया जाए तो प्रदेश की तिजोरी में काफी पैसा आ सकता है क्योंकि अवैध खनन की वजह से यहां हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हर साल सरकार को उठाना पड़ रहा है सरकार चाहते हुए भी अवैध खनन को नहीं रोक पा रही हालांकि यह भी सच है कि खान विभाग प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों की आपस की सेटिंग की

## राजस्थान मेरी कर्म स्थली, ग्रोथ रेट बढ़ाएंगे, विकसित राजस्थान बनाएंगे : वी श्रीनिवास

प्रदेश के नए मुख्य सचिव वीश्रीनिवास ने शासन सचिवालय में स्थित मुख्य सचिव के कमरे में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर सुधांशु पंत ने उन्हें उनकी नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं प्रेषित की । इससे पहले नए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने शासन सचिवालय के दरवाजे पर स्थित भगवान श्री गणेश मंदिर की प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस मौके पर शासन सचिवालय कर्मचारी संगठन से जुड़े बड़े नेता और विभिन्न विभागों के बड़े प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद श्रीनिवास को मुख्य सचिव के कक्ष में सुधांशु पंत ने उन्हें मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी दी । इस मौके पर श्रीनिवास और सुधांशु दोनों आपस में गले मिले और एक दूसरे के प्रति अपना गहरा आत्मीय भाव प्रकट किया । इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के नए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान उनके कर्म स्थली रहा है । लंबे समय तक उन्होंने यहां पर विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी है अब वापस राजस्थान जाकर उन्हें प्रसन्नता हुई है और बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद उनकी जिम्मेवारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकास दर को बढ़ाने के लिए उनके प्रयास होंगे इसके अलावा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश आए इसके लिए राइजिंग राजस्थान में हुए समझौते के क्रियान्वयन और प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों से प्रदेश में निवेश करवाने के लिए सरकारी स्तर पर शानदार प्रयास किए जाएंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश के विकास प्रोजेक्टों को त्वरित गति से संपादित करेंगे । इस मौके पर सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के राजस्थान केडर के संगठन ने सुधांशु पंत को भावभीनी विदाई दी और दिल्ली में उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की ।

## 1989 से अब तक राजस्थान और केंद्र में कई विभागों में बड़ी जिम्मेदारी निभाई

श्रीनिवास का 1989 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ शुरुआती सर्विस के दिनों में 1989 से 2000 तक राजस्थान में अलग-अलग जगह पर नियुक्त रहे राज्य के की डिपार्टमेंट में उप सचिव, जोधपुर और पाली के जिला कलेक्टर रहे इसके अलावा जल ग्रहण विकास एवं मुद्रा संरक्षण विभाग के निदेशक रहे तथा आईजीएनपी में अपार क्षेत्रीय विकास आयुक्त और उप प्रभारी अध्यक्ष पद पर भी नियुक्त रहे इसके बाद श्रीनिवास को केंद्र सरकार ने दिल्ली बुला लिया वर्ष 2003 से वर्ष 2006 तक केंद्र में प्रतिनियुक्ति के दौरान श्रीनिवास अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष वाशिंगटन में कार्यकारिणी निदेशक सलाहकार के पद पर नियुक्त रहे इसके बाद फिर 2007 से 2010 तक श्रीनिवास को राजस्थान में अलग-अलग जगह पर नियुक्त किया गया जिसमें राज्य के योजना एवं वित्त विभाग बजट में बड़ी जिम्मेदारी दी गई इसके अलावा परिवार कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्ति दी गई साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव पद पर भी इन्हें जिम्मेदारी दी गई इसके बाद श्रीनिवास को वापस दिल्ली बुला लिया गया जहां 2010 से 2017 तक अलग-अलग जगह पर इन्हें काम करने का अवसर दिया गया जिसमें भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय विदेश विभाग जैसे बड़े विभागों में संयुक्त सचिव पद पर कार्य करने का मौका दिया गया इसके अलावा दिल्ली एम्स में उपनिदेशक प्रशासन के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई यहां इस पद पर रहते हुए इन्होंने क्रांतिकारी निर्णय लेकर क्रांतिकारी बदलाव किया जो आज भी चर्चा का विषय बने रहते हैं इसके अलावा संस्कृति विभाग में संयुक्त सचिव और राष्ट्रीय अभिलेखागार में महानिदेशक पद पर कार्य किया 2017 में इन्हें वापस राजस्थान बुलाया गया और राजस्थान टैक्स बोर्ड और राजस्थान राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी इन्हें दिया गया द्य इस तरह से श्रीनिवास की अब तक की सरकारी सर्विस पर निगाह डालें तो साफ दिखता है कि जितनी राजस्थान सरकार को इनकी जरूरत थी उतनी ही जरूरत इनकी केंद्र सरकार को भी थी इसलिए इन्हें कभी दिल्ली तो कभी राजस्थान कार्य करने का अवसर दिया गया हालांकि देश के अन्य राज्यों के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाते रहे हैं राजस्थान से भी कई अधिकारी वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में गए हुए हैं लेकिन श्रीनिवास अकेले अधिकारी हैं जिन्हें बार-बार दिल्ली और राजस्थान कार्य करने के लिए बुलाया गया जो यह दिखाता है

## पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगतनरसिम्हा राव के रिश्तेदार है श्रीनिवास, पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत जसवंत सिंह के निजी सचिव भी रहे

प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत नरसिम्हा राव के रिश्तेदार भी है । श्रीनिवास की पत्नी पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की रिश्ते में दोहिती लगती हैं । इसके अलावा पूर्व में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सरकार के समय पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत जसवंत सिंह के निजी सचिव भी श्रीनिवास रहे हैं । कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 की जो परिकल्पना तैयार की थी इसकी पटकथा लिखने में श्रीनिवास की बड़ी भूमिका रही है । राजस्थान की राजनीति और राजस्थान सरकार के कार्यों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुरू से ही नजर जमाए हुए हैं। राजस्थान में पिछले 30 सालों से हर 5 साल में सरकार बदलने का सिलसिला बना हुआ है इसलिए इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह चाहते हैं कि राजस्थान में यह सिलसिला टूटे नहीं और प्रदेश की जनता का भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रति भरोसा बना रहे इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार को केंद्र सरकार हर तरह से सपोर्ट कर रही है केंद्र और राजस्थान सरकार के बीच अच्छा तालमेल लगा हुआ है केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान में कई बड़ी जल कल्याणकारी योजनाएं और प्रोजेक्ट के काम जारी है इसलिए इन सभी कार्यों का निर्धारित समय पर संपादन हो और सभी कार्य ठीक तरह से समुचित तरीके से संपन्न हो इसलिए प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में श्रीनिवास को राजस्थान भेजा गया है तो चर्चा यह भी है कि भजनलाल सरकार और सुधांशु के बीच कहीं ना कहीं तालमेल और समन्वय में कमी आ गई थी जिसकी वजह से प्रदेश में मुख्य सचिव को बदलना जरूरी हो गया था ताकि प्रदेश के विकास कार्यों में कोई अड़चन नहीं आए ।

# आतंकवाद नहीं, जिहादी हिंसा...



*जिहाद का सिद्धांत मानवता को दो हिस्से में बांटकर देखता है-इस्लाम मानने वाले और नहीं मानने वाले। इसी से इस सिद्धांत की दोहरी नैतिकता बनती है। मुस्लिम के साथ एक व्यवहार और काफिरों के साथ दूसरा। इसी से 'दारुल-इस्लाम' (जहां मुसलमानों का शासन हो) और 'दारुल-हरब' (जहां काफिरों का शासन हो) की धारणा है। इसी कारण यहूदियों से कहा गया था कि सारी दुनिया केवल मुसलमानों के लिए है और वे जान बचाने को इस्लाम कबूल करें। यही दावा राजनीतिक इस्लाम है और इसे लागू करने को गतिविधि जिहाद है। इतिहास को झुठलाने की मांग करने से लेकर सब पर शरीयत लादने, हलाल थोपने तक उसके असंख्य शांतिपूर्ण रूप हैं। जिहाद सर्वमुखी युद्ध है। सहीह बुखारी में जिहाद संबंधी दो प्रतिशत हदीस कुछ कामों को जिहाद के बराबर बताते हैं, किंतु बाकी 98 प्रतिशत हदीस हथियारबंद हिंसा से संबंधित हैं। हथियारबंद जिहाद ने ही राजनीतिक इस्लाम को सारी सफलता*

कई दशकों से जिहादी हिंसा पर इस कहावत के उलट काम किया जा रहा है कि जहां काम आवे सुई, कहां करे तलवार। जो काम सुई का है, वैचारिक-शैक्षिक संघर्ष का है, उसे तलवार, सैन्य-प्रहार आदि से हराने की कोशिश हो रही है। लोकतांत्रिक विश्व आत्म-प्रवंचना में है। लिहाजा आतंक बरपाने वाले नए-नए दस्ते, संगठन, सरगना इसलिए आते रहते हैं, क्योंकि उन्हें मौत का, तलवार का भय ही नहीं है। केवल तलवार उन पर निष्फल भी रहती है। जिसे आतंकवाद कहा जाता है, उसे आतंकी खुद जिहाद कहते हैं और अपने को मुजाहिदीन। भारत में एक संगठन का नाम ही इंडियन मुजाहिदीन था। इसने लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, दिल्ली, मुंबई आदि शहरों पर अनेक बम-विस्फोट किए, जिनमें सैकड़ों नागरिक मारे गए। जिहाद की संज्ञा भारत में सैकड़ों वर्षों से बार-बार गूंजती रही है। गजनवी से लेकर बाबर जैसे बड़े-बड़े हमलावरों, सुल्तानों, बादशाहों तथा मौदूदी, इकबाल जैसे बड़े-बड़े आलिमों के मुंह और कलम से। फिर भी हमारा राजनीतिक-बौद्धिक वर्ग जिहाद पर चुप रहता है। वह उससे मुकाबला कैसे कर सकता है, जिससे आंख मिलाकर देखने में भी उसे संकोच है? यदि मुजाहिदीनों द्वारा की गई हिंसा और आतंक का मुकाबला करना है तो वास्तव में जिहाद का सामना करना होगा। उसे उग्रवाद, आतंकवाद, विकृति आदि नाम देना झूठे उपायों की ओर ले जाता है। इसे अफगानिस्तान-पाकिस्तान में अमेरिकी विफलता में बड़े पैमाने पर देख सकते हैं। एक संगठन के बाद, दूसरे पैदा हो जाते हैं। एक सरगना के बाद दूसरा आ जाता है। एक भारतीय इमाम ने कहा था, एक ओसामा मरेगा, तो सौ पैदा होंगे। जिस विश्वास से उन्होंने ऐसा कहा था, उस पर विचार और चोट करनी चाहिए तब समाधान मिलेगा। जिहाद से अनजान लोग ही जिहादियों का सबसे बड़ा कवच हैं। जिहाद का सिद्धांत मानवता को दो हिस्से में बांटकर देखता है-इस्लाम मानने वाले और नहीं मानने वाले। इसी से इस सिद्धांत की दोहरी नैतिकता बनती है। मुस्लिम के साथ एक व्यवहार और काफिरों के साथ दूसरा। इसी से 'दारुल-इस्लाम' (जहां मुसलमानों का शासन हो) और 'दारुल-हरब' (जहां काफिरों का शासन हो) की धारणा है। इसी कारण यहूदियों से कहा गया था कि सारी दुनिया केवल मुसलमानों के लिए है और वे जान बचाने को इस्लाम कबूल करें। यही दावा राजनीतिक इस्लाम है और इसे लागू करने की गतिविधि जिहाद है। इतिहास को झुठलाने की मांग करने से लेकर सब पर शरीयत लादने, हलाल थोपने तक उसके असंख्य शांतिपूर्ण रूप हैं। जिहाद सर्वमुखी युद्ध है। सहीह बुखारी में जिहाद संबंधी दो प्रतिशत हदीस कुछ कामों को जिहाद के बराबर बताते हैं, किंतु बाकी 98 प्रतिशत हदीस हथियारबंद हिंसा से संबंधित हैं। हथियारबंद जिहाद ने ही राजनीतिक इस्लाम को सारी सफलता दी है। भारत के विगत हजार वर्ष में इसे असंख्य बार होता देख सकते हैं। मोहम्मद बिन कासिम के सिंध पर हमले से लेकर मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन, पाकिस्तान बनने और कश्मीर से हिंदुओं के सफाए तक यदि कोई शब्द और कर्म समान मिलता है तो वह है जिहाद और हिंसा। जिहाद में एक पूरी मानसिकता और जीवनशैली है। जिहाद के बारे में प्रामाणिक जानना चाहिए। विशेषकर उन्हें, जिनके विरुद्ध जिहाद का स्थाई आह्वान है और जो इसे सदियों से झेल रहे हैं। बाबर ने भी जिहाद ही लड़ा था। 'बाबरनामा' में भारत पर हमले को जिहाद कहा गया है। बाबर ने खुद को फख्र से 'गाजी' यानी जिहाद लड़ने वाला कहा था। बाबर से लेकर इंडियन मुजाहिदीन तक उन्हीं स्रोतों को अपना मार्गदर्शक मानते हैं, जो मूल इस्लामिक स्रोत हैं। उनके सभी विश्वास, प्रेरणाएं, आदर्श इन्हीं से निःसृत होते हैं। इसीलिए राजनीतिक इस्लाम का रिश्ता बाकी दुनिया से जिहाद या अस्थाई शांति का है। उसके सिद्धांत में कोई तीसरी स्थिति नहीं बताई गई है। जिहादियों को आतंकवादी कहना अपने को भरमाना है। हमारे राजनीतिक-बौद्धिक वर्ग को तथ्य-आधारित समझ की आवश्यकता है। तब साफ दिखेगा कि जिहाद का सिद्धांत किन-किन बिंदुओं पर कमजोर है, वहीं पर उसे चुनौती देकर हराया जा सकता है। जिहाद को हराना मुख्यतः विचार एवं शिक्षा का क्षेत्र है। इस्लामी दावों, सिद्धांतों का खुला, वैज्ञानिक परीक्षण करके खंडन करना तथा सारी बातें शिक्षा और मीडिया के माध्यम से घर-घर पहुंचाना। इसके प्रति काफिरों की गफलत में ही जिहादी आतंक रूपी तोते की जान छिपी है। राजनीतिक इस्लाम के प्रति सबका भ्रमित रहना ही जिहाद की ताकत है। इसे इस्लामी नेता बखूबी जानते हैं। इसीलिए अमेरिकी मिसाइलों से ज्यादा तसलीमा नसरीन जैसी लेखिकाओं से डरते हैं। वे काफिरों को भ्रमित रखने के लिए दोहरी नैतिकता के अपने सिद्धांत का प्रयोग करते हैं। उन्हें इस्लामी दावों का झूठा, मीठा अर्थ बताते रहते हैं, जो मुसलमानों को बताए गए अर्थ से भिन्न होता है। इस छल के लिए भी उनके पास एक शब्द है, 'तकिया'। सहीह बुखारी में कहा गया है, "जिहाद छल है (4:52:268)"-जिहाद इज डिसीट। मुस्लिम ब्रदरहुड संगठन ने पूरी दुनिया में मिथ्या-प्रचार का व्यवस्थित वैचारिक तंत्र चला रखा है।

सम्पादकीय

## बड़ी चूक की वजह से दिल्ली के बाद कश्मीर में हुआ बम धमाका



हाल ही में दिल्ली में लाल किला के पास हुए बड़े धमाके और उसमें कई लोगों की मौत के सदमे से लोग निकले भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की रात अचानक हुए विस्फोट में नौ लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी तंत्र के खुलासे के बाद कुछ लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए थे। उन्हीं को जम्मू-कश्मीर के नौगाम स्थित एक थाने में ले जाया गया था, ताकि विस्फोटकों का गहन परीक्षण कराया जा सके। इतना संवेदनशील विस्फोटक किसी तरह नौगाम थाने तक तो पहुंच गया, लेकिन उसके बाद शायद जरूरी सावधानी सुनिश्चित नहीं की जा सकी। यह त्रासद विडंबना रही कि थाना परिसर में ही विस्फोटकों की जांच के क्रम में एक बड़ा धमाका हो गया, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और बत्तीस लोग बुरी तरह घायल हो गए। धमाके के असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक ओर परिसर में थाने को बड़ी क्षति पहुंची, वहीं आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ। नौगाम के थाना परिसर में हुए विस्फोट के असर को देखते हुए शुरूआत में इसके कोई आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई, लेकिन बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस और फिर गृह मंत्रालय की ओर से भी स्पष्ट किया गया कि यह कोई आतंकी हमले जैसी घटना नहीं थी और महज एक हादसा था। खबरों के मुताबिक, जब्त विस्फोटकों को फोरेंसिक जांच के लिए उसमें से नमूना निकालने की कोशिश तथा अन्य प्रक्रिया चल रही थी कि धोखे से उसमें विस्फोट हो गया। अगर इस विस्फोट का आतंकी हमले से कोई ताल्लुक नहीं था, तो यह एक राहत की बात हो सकती है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इतनी बड़ी तादाद में जो विस्फोटक पदार्थ और रसायनों का जखीरा जमा किया गया था, उन्हें एक आतंकी तंत्र के खुलासे के दौरान ही जब्त किया गया था। थाना परिसर में गलती से हुए धमाके में जितने बड़े पैमाने पर क्षति हुई, लोग हताहत हुए, उसे देखते हुए इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि अगर योजनाबद्ध तरीके से आतंकियों ने इन विस्फोटकों के सहारे दिल्ली या अन्य किसी जगह पर वारदात को अंजाम दिया होता, तो जानमाल के नुकसान का दायरा कितना बड़ा हो सकता था। मामूली असावधानी का नतीजा क्या हो सकता है, यह सामने है। संभव है कि यह घटना सिर्फ किसी चूक या फिर अचानक हुए हादसे का नतीजा हो। इसके बावजूद इस बात की गहन जांच कराए जाने की जरूरत है कि किन परिस्थितियों में विस्फोटक पदार्थ वहां ले जाए गए और उनका नमूना निकालने की प्रक्रिया में क्या किसी तरह की लापरवाही बरती गई। जो लोग इस समूची प्रक्रिया में शामिल थे, क्या उन्हें विस्फोटकों और खतरनाक रसायनों की जांच के लिहाज से विशेषज्ञता हासिल थी? आतंकी संगठनों और उनकी योजनाओं के तहत होने वाले हमलों का खमियाजा पहले ही एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंक का माहौल बनाने के बाद अब उनके पांव देश के दूसरे हिस्सों में भी फैलते देखे जा रहे हैं। फरीदाबाद में हुई गिरफ्तारी और दिल्ली के लालकिले के पास हुए विस्फोट को उसी की कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है।

## डांवाडोल होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था



अमेरिका प्रथम की मुहिम के साथ चलने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हर निर्णय चाहे वह अंतरराष्ट्रीय समझौता हो, व्यापार नीति हो या सुरक्षा निर्णय दूसरों पर थोपने की नीति पर केंद्रित रहता है। वैश्वीकरण की गति को धीमा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित विश्व के अन्य देशों पर टैरिफ लगाकर व्यापार युद्ध की स्थिति पैदा कर दी। ट्रंप प्रशासन उन अनेक बहुपक्षीय संस्थाओं की या तो फंडिंग कम कर रहा है या उनसे बाहर निकलने की धमकियां देकर उनकी भूमिका को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है, जो कथित तौर पर अमेरिका के हित में कार्य नहीं कर रही हैं। उनकी इस नीति का असर केवल बाहरी दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के भीतर भी इसका व्यापक आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ रहा है। व्यापार युद्ध ने न केवल विदेशी व्यापार को झटका दिया है, बल्कि अमेरिका के घरेलू बाजार में मूल्य वृद्धि को भी बढ़ावा दिया है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रतिरोध में अन्य देशों द्वारा लगाए जाने वाले जवाबी टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति प्रभावित हो रही है। अमेरिका में न सिर्फ रोजमर्रा की वस्तुएं, बल्कि इलेक्ट्रानिक उपकरण, खिलौने, कपड़े, मशीनें आदि के महंगे होने से अमेरिका में मार्च 2025 के बाद से आयातित सामान की कीमतें लगभग चार प्रतिशत बढ़ी हैं, जबकि घरेलू सामान की कीमतें लगभग दो प्रतिशत बढ़ गई हैं। बढ़ती महंगाई को देखते हुए ट्रंप ने 200 से अधिक वस्तुओं पर से टैरिफ कम करने का फैसला किया है। अमेरिका में उद्योगों के लिए कच्चा माल महंगा होने से बढ़ती उत्पादन लागत से नौकरियां ही नहीं घट रही हैं, बल्कि किसानों की आय पर भी गहरा असर पड़ रहा है। चीन, कनाडा और यूरोपीय देशों द्वारा प्रतिशोध में लगाए गए टैरिफ के कारण अमेरिकी सोया और मक्का जैसी कृषि वस्तुओं की मांग घटी है, जिससे किसानों की आय में गिरावट आने से सरकार को अरबों डालर की सब्सिडी देनी पड़ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके दुष्परिणाम अब स्पष्ट दिखने लगे हैं। येल विश्वविद्यालय के बजट अध्ययन केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, टैरिफ और विदेशी प्रतिकारात्मक करों के कारण 2025 में अमेरिका की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.9 प्रतिशत अंक कम हो रही है। टैरिफ नीतियों के कारण एक आम अमेरिकी परिवार को औसतन 3,800 डालर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं पेन-वार्टन बजट माडल का विश्लेषण बताता है कि ट्रंप की व्यापारिक नीतियों के कारण अमेरिका की जीडीपी दीर्घकाल में लगभग छह प्रतिशत तक घट सकती है और मजदूरी में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। ओईसीडी ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि यदि टैरिफ और एकतरफा व्यापार नीतियां जारी रहीं तो 2026 तक अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत तक गिर सकती है। यह गिरावट न केवल अमेरिका, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंता का कारण होगी, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार का मुख्य इंजन है। आम अमेरिकी इस नीतिगत बदलाव की सबसे बड़ी कीमत चुका रहे हैं। उच्च मूल्य, घटती आय और रोजगार के अवसरों में कमी ने अमेरिकी सपने की धारणा को कमजोर किया है। ट्रंप की मनमानी नीतियों का अमेरिका में विरोध भी शुरू हो चुका है। एक हालिया सर्वेक्षण में लगभग 55 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों ने कहा कि ट्रंप अब एक खतरनाक तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वह अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सरकारी संस्थाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। यही कारण है कि उनके नेतृत्व में अमेरिका का लोकतांत्रिक ढांचा पहले की अपेक्षा अधिक विभाजित हो गया है। 'हैंड्स आफ' और 'नो किंग' जैसे आंदोलनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी जनता अब अधिक हस्तक्षेप और केंद्रीकृत शक्ति के विरोध में एकजुट हो रही है। डगमगाती अमेरिकी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में ट्रंप की राष्ट्रवादी नीतियां और अधिक चुनौतीपूर्ण साबित हो रही हैं। 'अमेरिका प्रथम' के उनके नारे ने जहां कुछ समय के लिए घरेलू उद्योगों को सहारा दिया, वहीं वैश्विक व्यापारिक साझेदारियों से दूरी ने अमेरिकी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। अंतरराष्ट्रीय निवेश घटा है, निर्यात पर दबाव बढ़ा है और डालर की अस्थिरता से आयात महंगा हुआ है। इस बीच बेरोजगारी में वृद्धि और उपभोक्ता कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को कमजोर कर दिया है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, लगभग 60 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि ट्रंप की नीतियों से आर्थिक असमानता बढ़ी है, जबकि श्रमिक वर्ग को उनके वादों का कोई वास्तविक लाभ नहीं मिला।

## आरक्षण में क्रीमी लेयर

**एसी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाए जाने के पक्ष में न्यायाधीश गवई ने यह बिल्कुल सही कहा कि आइएएस और गरीब मजदूर के बेटों को एक जैसा नहीं माना जा सकता। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि आरक्षण का उद्देश्य वंचित एवं पिछड़े तबकों के उन लोगों के उत्थान के विशेष प्रयत्न किए जाना है, जो वास्तव में सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। आम तौर पर सामाजिक रूप से ऐसे पिछड़े लोग आर्थिक रूप से भी कमजोर होते हैं। आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने के विरोध में यह तर्क दिया जाता है**



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने अनुसूचित जाति आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने की आवश्यकता को लेकर जो विचार व्यक्त किए, वे नए नहीं हैं। वे इसके पहले भी ऐसा कह चुके हैं। तथ्य यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्यता प्रदान की थी। सुप्रीम कोर्ट की इस पीठ में न्यायाधीश गवई भी थे। स्पष्ट है कि वे इसके प्रबल पक्षधर हैं कि क्रीमी लेयर का जो सिद्धांत अन्य पिछड़ा वर्ग अर्थात ओबीसी आरक्षण में लागू है, वही अन्य आरक्षित वर्गों यानी अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में भी लागू किया जाए। यह स्वाभाविक है कि उनके इस कथन पर अलग-अलग राय सामने आएगी और एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के उनके विचार की आलोचना भी होगी, लेकिन न्याय और नीति यही कहती है कि आरक्षण की व्यवस्था को इस तरह लागू किया जाए कि पात्र लोगों को ही उसका लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। ऐसा तब होगा, जब वंचित वर्गों के समर्थ यानी क्रीमी लेयर वाले लोगों को आरक्षण का लाभ रोने से रोका जाएगा। एसी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाए जाने के पक्ष में न्यायाधीश गवई ने यह बिल्कुल सही कहा कि आइएएस और गरीब मजदूर के बेटों को एक जैसा नहीं माना जा सकता। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि आरक्षण का उद्देश्य वंचित एवं पिछड़े तबकों के उन लोगों के उत्थान के विशेष प्रयत्न किए जाना है, जो वास्तव में सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। आम तौर पर सामाजिक रूप से ऐसे पिछड़े लोग आर्थिक रूप से भी कमजोर होते हैं। आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने के विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति के उच्च पद पर पहुंच जाने के बाद भी कई बार उसे उपेक्षा या भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस तर्क को खारिज नहीं किया जा सकता, लेकिन इससे यही तो सिद्ध होता है कि आरक्षण सामाजिक विषमता और आर्थिक असमानता दूर करने का एकमात्र उपाय नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में कमजोर वर्गों के तमाम लोग बिना आरक्षण सामाजिक-आर्थिक रूप से सक्षम बने हैं। आरक्षण वास्तव में पात्र यानी कमजोर लोगों के ही उत्थान में सहायक बने, इसके लिए अन्य उपायों के साथ जैसे एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्य किया गया, वैसे ही क्रीमी लेयर के सिद्धांत को भी अपनाया जाना चाहिए।

# सचिन की पुलिस कमिश्नरेट में दूसरी पारी का शानदार आगाज

**बीजू जार्ज जोसेफ के पुलिसिंग में किए गए नवाचारों को गति देने के साथ-साथ खुद के नवीन प्रयोग और नवाचारों से संगठित अपराधों, साइबर क्राइम जैसे अपराधु को जड़ से मिटाने की तैयारी**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** निश्चित रूप से बीजू जॉर्ज जोसेफ जयपुर पुलिस के श्रेष्ठ कप्तान साबित हुए । उनकी जगह जयपुर के पुलिस कमिश्नर पद पर नियुक्त हुए सचिन मित्तल को अभी ज्यादा समय नहीं बीता है ,लेकिन उनकी ओर से कम समय में ही बेस्ट पुलिसिंग के लिए जो कदम अब तक उठाए गए हैं, उनसे ऐसा दिख रहा है कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में सचिन की यह दूसरी पारी काफी ऐतिहासिक और यादगार हो सकती है ,क्योंकि 1996 से अब तक की आईपीएस की सर्विस में सचिन मित्तल ने प्रदेश के कई जिलों में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेवारी को बहुत ही शानदार ढंग से निभाया। इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और साइबर क्राइम के क्षेत्र में भी इन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया। जिसकी वजह से इन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक भी मिला इनकी गिनती अनुशासित, ईमानदार और कर्मठ आईपीएस अफसर में होती है इनकी खासियत यह है कि इन्होंने फील्ड पोस्टिंग में लंबा समय बिताया इसलिए अलग-अलग जिलों में पुलिस अधीक्षक पद की नौकरी के दौरान अलग-अलग तरह के अपराध और अपराधियों से सामना करना पड़ा इसलिए अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों को दबोचने में यह काफी माहिर हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर में पूर्व में वसुंधरा राजे सरकार के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर पद पर रहते हुए इन्होंने क़ानून और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाई थी। इन्हें जयपुर और जयपुर के आसपास के इलाकों की वस्तु स्थिति का अच्छी तरह से ज्ञान है ।जयपुर में किस-किस तरह की अपराध की घटनाएं अधिक होती हैं और इन अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए कौन सा तरीका और उपाय बेस्ट रहेगा इसकी भी अच्छी नॉलेज है । जयपुर के सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों और जयपुर की ट्रैफिक समस्या और व्यवस्थाओं को भी अच्छी तरह से समझते और जानते हैं जयपुर में पुलिस स्टेशन पर नियुक्त सीएलजी मेंबर की भूमिका और उनके आचरण इत्यादि के बारे में इन्हें काफी कुछ जानकारी है, इसलिए जयपुर शहर इनके लिए अनजान शहर नहीं है, यही वजह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन्हें जयपुर के करीब 40 लाख लोगों की सुरक्षा की जिम्मेवारी दी है। लेकिन पुलिस कमिश्नर की कुर्सी पर विराजमान होने के तुरंत बाद इन्होंने पहले से ही एक्टिव जयपुर पुलिस को और एक्टिव बनाने के लिए जो प्रयास और प्रयोग किए हैं उनसे ऐसा लगता है कि सचिन मित्तल की जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की यह दूसरी पारी अपराध जगत से जुड़े लोगों लोगों पर काफी भारी पड़ सकती है और कहीं ना कहीं जयपुर में अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे लोगों को अपना ठिकाना बदलना पड़ सकता है, क्योंकि सचिन मित्तल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने सीएसटी के गठन की प्रक्रिया जोर-जोर से शुरू कर दी है इसके लिए तमाम तरह के आवश्यक संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं तथा इसमें फोर्स भी बढ़ाई जा रही है ताकि बड़े से बड़े गैंगस्टर और गुंडा गैंग का सफाया किया जा सके। राहुल प्रकाश खुद एक दबंग आईपीएस अफसर माने जाते हैं इसलिए सचिन और राहुल इन दोनों इमानदार कर्मठ और दबंग पुलिस अधिकारियों की जोड़ी जयपुर में न केवल अमन चैन बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभा सकती है बल्कि संगठित अपराध गिरोह से जुड़े बदमाशों को इस जोड़ी से घबराकर या तो अपना ठिकाना बदलना पड़ सकता है या फिर उन्हें जेल में जाने को मजबूर होना पड़ सकता है फिलहाल सचिन मित्तल रोजाना क्षेत्रवार पुलिस के अधिकारियों से मीटिंग लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं अपने अधीनस्थ अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय और राजस्थान सरकार के विजन को बताने के साथ-साथ उन्हें खुद का विजन भी बता कर जयपुर पुलिसिंग को बेस्ट पुलिसिंग बनाने की दिशा में तेजी से काम करते हुए नजर आ रही है इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं ।

### जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के प्रयासों में पूरी ताकत से जुटे हैं नए पुलिस कमिश्नर

जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था शुरू से ही पुलिस के लिए सबसे बड़ी समस्या और सबसे बड़ी चुनौती रही है जयपुर की आबादी और विस्तार तेजी से बढ़ रहा है ऐसे में नई-नई कॉलोनी का विकसित होना नए-नए चौराहों का डेवलप होना नई-नई सड़कों का निर्माण होना और फिर हर साल बड़ी संख्या में नए वाहनों का सड़क पर आ जाना यह तमाम वजह है जिनकी वजह से जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था जयपुर पुलिस के लिए जी का जंजाल बनी रहती है जयपुर के परकोटे के



प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और ट्रैफिक जाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए कई बार बड़े-बड़े प्रयोग किए गए नगर निगम जयपुर विकास प्राधिकरण ट्रैफिक पुलिस जिला प्रशासन सबने सहित रूप से कई बार ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए सामूहिक मंथन किया मंथन के बाद कई निर्णय भी लिए जयपुर में कई जगहों पर ओवरब्रिज और हाईवे पुल का निर्माण भी अंडरग्राउंड ब्रिज और रास्ते भी बनाए गए लेकिन इन सब के बावजूद भी जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था ठीक तरह से सुधार नहीं पा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट हर तरह से ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत और इसके सुधार में जुटा रहता है लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या पूरी तरह से हल नहीं हो पाई है सचिन मित्तल अब नए तरीकों और नए प्रयोगों के आधार पर ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के कार्यों को गति देने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें उन्होंने ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त को जयपुर के चार चौराहों पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने के निर्देश दिए हैं यह वह चौराहे हैं जहां पर ट्रैफिक ज्यादा रहता है इन चौराहों पर यातायात के नियमों का लोग ज्यादा से ज्यादा पालन करें इसके लिए ट्रैफिक उपायुक्त को यहां पर विशेष तौर पर गौर करके काम करने को कहा गया है इसके अलावा सचिन मित्तल ने चारों पुलिस उपायुक्त को अपने-अपने इलाके में एक व्यस्त रोड का चयन करके वहां पर ट्रैफिक कंट्रोल के कार्यों को निरंतर गति देने को कहा गया ह। इसके लिए संबंधित थाने को भी इस ट्रैफिक व्यवस्था से जोड़ने को कहा गया है पिछले दिनों हरमाड़ा में हुए भयानक हादसे के बाद मित्तल जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर और ज्यादा अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हो। इसके लिए जयपुर की बाहर की कॉलोनी में नियम विरुद्ध संचालित हो रहे ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए संबंधित थानों को निर्देशित किया गया है चाहे परिवहन विभाग कार्रवाई करें या ना करें नए पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक पुलिस और संबंधित थाना पुलिस को निर्देशित किया है कि लापरवाही से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए जिसके जवाब में हाल ही में ट्रैफिक पुलिस ने बड़े स्तर पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की है यह कार्रवाई अब निरंतर सतत रूप से जारी रहेगी पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अब नियमित रूप से नगर निगम जयपुर विकास प्राधिकरण राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं ताकि समय-समय पर जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा होती रहे और जो जो कमियां और जो जो जो सुधार की आवश्यकता सामूहिक मंथन में निकलकर सामने आते हैं उन पर आवश्यक निर्णय लेकर तुरंत अमल में लाया जा सके।

## कई जिलों के एसपी रहे और फील्ड पोस्टिंग में बिताया लंबा समय

सचिन मित्तल 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं शुरू में इन्होंने भरतपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर कार्य किया इन्हें अपनी आईपीएस की नौकरी में शुरू में ही भरतपुर जैसा जिला काम करने को मिला जहां अपराध की घटनाएं अन्य जिलों की तुलना में ज्यादा होती है इसलिए सर्विस के शुरू में ही इनका बड़े-बड़े बदमाशों और डकैतों से सामना हुआ जिससे कार्य करने की क्षमता और हौसले में इजाफा हुआ और अपराधों को रोकने और अपराधियों के बारे में नए-नए अनुभव भी हासिल हुए इसके बाद इन्हें झुंझुनू ,झालावाड़, डूंगरपुर, सवाई माधोपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक पद पर भी कार्य किया इसके अलावा जोधपुर के पुलिस कमिश्नर पद पर भी नियुक्त हुए जहां जहां इन्हें जिलों में नियुक्ति दी गई उन जिलों में अपराध की घटनाएं अन्य जिलों की तुलना में शुरू से ही ज्यादा होती रही है इसलिए इनकी दबंग छवि और बदमाशों से निपटाने की इनकी पुलिस की कार्य योजना की तैयारी हमेशा शानदाररही जिसकी वजह से जिस भी जिले में पोस्टेड रहे वहां की जनता ने इनके कार्यों को और वर्किंग स्टाइल को खूब पसंद किया, इन्होंने पुलिस स्टेशन की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने पीड़ितों को राहत दिलाने और पुलिस की जांचों को सही समय पर पारदर्शी ढंग से संपन्न करने और दोषी लोगों को सजा दिलाने जैसे कार्यों पर बारीकी से नजर रखी जिसकी वजह से जिस भी जिले में रहे वहां के पुलिस थानों की कार्यशैली और पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार में भी अच्छा सुधार हुआ। कई जिलों में एसपी पद पर अच्छा कार्य करने से प्रदेश की सरकारों ने भी इन्हें ज्यादा फील्ड पोस्टिंग दी ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत मिले और पुलिस थानों के कार्य प्रणाली में सुधार हो अधिक समय तक फील्ड पोस्टिंग मिलने की वजह से इनकी वर्किंग पॉवर निर्णय लेने की क्षमता और पुलिसिंग के अनुभव में लगातार बढ़ोतरी होती रही जो आदमी जितना फील्ड में रहेगा वह उतना ही बुद्धिमान और अनुभवी होगा खासतौर से पुलिस विभाग में जिसकी जितनी फील्ड पोस्टिंग होती है उसका अनुभव उतना ही बढ़ता जाता है यही सचिन मित्तल के साथ हुआ प्रदेश में चाहे बीजेपी की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी की हर सरकारों ने इनके कई जिलों में एसपी पद पर अच्छे काम करने की वजह से इन्हें ज्यादा से ज्यादा फील्ड पोस्टिंग देना ही मुनासिब समझा ताकि लोगों की ज्यादा भलाई हो और पुलिस थानों के कार्यों में भी सुधार हो अब जयपुर जैसे शहर में जहां बड़ी संख्या में पुलिस थाने हैं जयपुर आबादी और विस्तार की तुलना में लगातार तेजी से बढ़ रहा है मेट्रो वायु सड़क रेल परिवहन में लगातार इजाफा होता जा रहा है ।मध्य प्रदेश ,हरियाणा , दिल्ली, पंजाब ,गुजरात जैसे पड़ोसी राज्यों के होने से यहां संगठित अपराध की गुंजाइश ज्यादा रहती है इसलिए भजनलाल सरकार ने जोसेफ के बाद सचिन मित्तल को कमिश्नर बनना इसलिए जरूरी समझा कि मित्तल के पास फील्ड पोस्टिंग का अपार अनुभव है इसके अलावा साइबर क्राइम के मामलों को सुलझाने में माहिर हैं किसी के पॉलीटिकल प्रेशर में भी नहीं आते और ईमानदारी से अपना वर्क करते हैं इन सब खासियतों की वजह से ही भजनलाल सरकार ने सचिन मित्तल को कमिश्नर पद की जिम्मेदारी देना जरूरी समझा ।

## साइबर अपराध को रोकने की दिशा में किया उत्कृष्ट कार्य तो मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

सचिन मित्तल जब एडीजी साइबर क्राइम पद पर नियुक्त थे तब इन्होंने साइबर क्राइम के मामलों के निस्तारण के लिए उत्कृष्ट कार्य किया साइबर अपराध राजस्थान और भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं साइबर क्राइम में हाई प्रोफाइल पढ़ाई किए हुए लोग शामिल हैं जिन्हें नई टेक्नोलॉजी और संचार माध्यमों की अच्छी जानकारी होती है जिन्हें इंटरनेट से जुड़ी हर छोटी बड़ी चीजों और विषयों की अच्छी जानकारी होती है जिसके माध्यम से वे साइबर क्राइम घटनाओं को आसानी से अंजाम दे देते हैं इसके जवाब में राजस्थान पुलिस के के पास साइबर अपराधों के मामलों का पर्दाफाश करने के लिए प्रशिक्षित अधिकारी और कर्मचारियों की टीम का अभाव है इसलिए साइबर अपराध के कमान हाथ में लेने के बाद सचिन मित्तल ने पहले राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर क्राइम के अपराध से निपटने के लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की साइबर क्राइम को रोकने के लिए अलग से विंग बनाकर उसमें टैलेंटेड और अच्छे पढ़े लिखे पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारी को शामिल किया जो आधुनिक टेक्नोलॉजी और संचार माध्यमों के बारे में बखूबी जानकारी रखते थे प्रदेश के हर जिले में साइबर अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए स्पेशल पारंगत अधिकारियों पर कर्मचारी की टीम नियुक्त की गई उसी का परिणाम रहा कि साइबर अपराध के मामलों का पर्दाफाश करने की दिशा में राजस्थान पुलिस तेजी से कार्य करती हुई दिखी इस पूरे कार्य को सचिन मित्तल ने बहुत ही खूबसूरती के साथ हैंडल किया जिसका नतीजा यह रहा कि काफी हद तक प्रदेश में उस समय साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश भी लगा क्योंकि सचिन मित्तल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों का चुन चुन कर निस्तारण किया जा रहा था और दोषी लोगों को पदकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया इसलिए प्रदेश में साइबर क्राइम से जुड़े बदमाशों में घबराहट की स्थिति बन गई थी इसके बदले सचिन मित्तल को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया पत्रकारों से बातचीत के दौरान सचिन मित्तल ने कहा भी है कि साइबर अपराध वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती है और इसके लिए सतत और निरंतर प्रयासों के अलावा पुलिस के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी और संचार माध्यमों को ज्यादा से ज्यादा समझने और जानने की जरूरत है इसके लिए टेक कंपनी के सहयोग से जयपुर पुलिस को साइबर क्राइम से निपटने के लिए ट्रेंड करने की योजना पर मित्तल कम कर रहे हैं । सचिन मित्तल मैकेनिक इंजीनियरिंग में बी. ई. है और साइकोलॉजी में एम टेक डिग्री धारी है इसलिए साइबर क्राइम के जटिल से जटिल मामलों को भी सुलझाने में इन्हें ज्यादा परेशानी का सामना करना नहीं पड़ता। अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस तरह के मामलों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश और गाइडेंस करते रहते हैं ।

## *जयपुर पुलिस के खुफिया तंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में तेजीसे कार्य कर रहे मित्तल*

*जानकार लोगों का कहना है कि सचिन मित्तल पुलिसिंग में नवाचारों को बढ़ावा देने में हमेशा आगे रहे हैं वह यह जानते हैं कि वर्तमान टेक्नोलॉजी के युग में अपराधी ताकत के बल पर नहीं बल्कि अपने चतुर दिमाग के दम पर वारदातों को ज्यादा अंजाम दे रहे हैं अब अपराध जगत से अच्छी-अच्छी हाई प्रोफाइल पढ़ाई करने वाले युवा जो मौज मस्ती और कम समय में करोड़पति बनने की तमन्ना से जुड़ रहे हैं ऐसे में पुलिस इन चतुर दिमाग के टैलेंटेड बदमाशों से चतुराई और बुद्धिमत्ता से ही निपट सकती है इसके लिए जरूरी यह भी है कि पुलिस कर्मियों को आधुनिक तरीके से प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें पर्याप्त तरह के आधुनिक संसाधन भी उपलब्ध करवाया जाए इसके अलावा पुलिस का खुफिया तंत्र जितना मजबूत होगा उतना ही चतुर दिमाग के अपराधियों को अपराध करने से पहले ही पुलिस पकड़ भी सकती है इसलिए जयपुर पुलिस अब अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ इसका विस्तार कर रही है खुफिया तंत्र को तमाम तरह के आधुनिक उपकरण और यंत्र दिलाने की दिशा में भी नए पुलिस कमिश्नर काम करते हुए दिख रहे हैं। दिल्ली में बम धमाके के बाद जिस तरह से कई डॉक्टरों के आतंकी होने की बात सामने आई उसके बाद पुलिस मुख्यालय के साथ-साथ जयपुर पुलिस भी अब अपने स्तर पर एक बेजोड़ नेटवर्क के आधार पर निरंतर सतत रूप से कार्य करते हुए उन लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है जो देशद्रोही गतिविधियों में लिप्त हैं इसके साथ-साथ संगठित अपराध गिरोह से जुड़े बदमाशों को चिन्हित करने और उनकी लोकेशन का पता लगाकर उन तक पहुंचने की दिशा में भी जयपुर पुलिस का खुफिया तंत्र तेजी से गुपचुप में अपना कार्य कर रहा है जयपुर के नए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल का कहना है कि खुफिया तंत्र के मजबूत और विकसित रहने से अपराध से पहले ही अपराधियों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है जिसकी वजह से अपराध की घटना होगी ही नहीं इसलिए जयपुर में खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में मित्तल बारीकी से और गंभीरता से कार्य कर रहे हैं ।*

## *थानों की कार्यप्रणाली और पुलिस कर्मियों के अच्छे व्यवहार को लेकर गंभीर और चौकस है सचिन मित्तल*

*सचिन मित्तल काफी अनुभवी आईपीएस है और यह अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर पुलिस थानों की कार्य प्रणाली मजबूत और अच्छी हो तथा थानों में नियुक्त पुलिस कर्मियों का व्यवहार जनता के प्रति दोस्ताना हो तो पुलिस का आधे से ज्यादा काम अपने आप ही सरल और आसान हो जाता है इसलिए कमिश्नर पद पर नियुक्त होने के बाद सचिन मित्तल का पूरा फोकस शहर के पुलिस थानों की कार्यशैली पर टिका हुआ है हालांकि इससे पहले के पुलिस कमिश्नर जोसेफ की ओर से भी स्थान के कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए कई बड़े कदम उठाए थे कई नवाचार किए थे जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आए थे जो सब खुद महीने में दो थानों में जाकर जनता दरबार लगाया करते थे और लोगों की समस्या सुना करते थे। इसलिए जयपुर के पुलिस थानों में बदलाव की जो प्रक्रिया है वह निरंतर अब भी जारी है सचिन मित्तल का फोकस बीट व्यवस्था को और मजबूत बनाने की तरफ है तथा सीएलजी मेंबर की नियुक्ति पारदर्शी और ईमानदार तरीके से हो इसके लिए आने वाले दिनों में सीएलजी मेंबरों की नियुक्ति के लिए कुछ और कठोर गाइडलाइन निर्धारित की जा सकती है प्रत्येक पीड़ित की रिपोर्ट और शिकायत को हर हाल में दर्ज किया जाए और प्रत्येक मामले की जांच निश्चित समय में ईमानदारी से पूरी की जाए तथा थाना स्तर पर पुलिस की निगरानी के प्रबंध को और मजबूत किया जाए इसके लिए मित्तल ने सभी पुलिस उपायुक्त को कमिश्नर की कुर्सी पर बैठते ही निर्देशित भी कर दिया था मित्तल का कहना है कि पीड़ित को पुलिस उपायुक्त और पुलिस कमिश्नर के दफ्तर तक आना ही ना पड़े इसके लिए संबंधित पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर की द्धजिम्मेदारी को सुनिश्चित किया गया है थाना इलाके में स्थित होटल धर्मशाला मदरसा इत्यादि की रूटीन जांच हो अधिकारी अपने इलाके में मौजूद लोगों के नियमित संपर्क में रहे और उन्हें इस बात के लिए नियमित रूप से अलर्ट करता रहे की कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या कोई संदिग्ध वस्तु नजर आए तो उसके बारे में तुरंत उसे या पुलिस स्टेशन को सूचित करें अगर इस तरह की व्यवस्था हर थाना स्तर पर सुनिश्चित कर दी जाती है तो फिर पुलिस का आधे से ज्यादा काम अपने आप ही आसान हो जाता है कुछ इसी आइडिया के साथ सचिन मित्तल जयपुर में पुलिसिंग के काम को गति देने में जुटे हुए है।*

## गैंगस्टर की लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पड़ोसी राज्यों के पुलिस के साथ जयपुर पुलिस का बेहतर समन्वय बनाने के प्रयास

: अपराध जगत से जुड़े लोगों का एक मजबूत नेटवर्क बना हुआ है जिसमें एक प्रदेश के गुंडा गैंग की दोस्ती दूसरे प्रदेश के गुंडा गैंग से बनी हुई है इसलिए वारदात तो अंजाम देने के बाद किसी अन्य स्टेट में जाकर अपने संपर्क में रहने वाले बदमाशों के ठिकानों पर जाकर शरण ले लेते हैं इसी तरह से अन्य राज्यों में अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे प्रदेश के बदमाश राजस्थान में आकर यहां अपने दोस्त बदमाशों के ठिकानों पर छुप जाते हैं दो अलग-अलग स्टेटस के बदमाशों की यह दोस्ती पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी रहती है इसको संगठित अपराध गिरोह से जोड़कर देखा जाता है इसलिए जयपुर पुलिस कमिश्नर पहले से ही हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए हुए हैं समय-समय पर विभिन्न पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ जयपुर पुलिस प्रमुख गैंगस्टर और गैंग के सदस्यों की लोकेशन और गतिविधियों के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करती रहती है सचिन मित्तल पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ बेहतर तालमेल और समन्वय को और मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहे हैं इस कार्य में एंटी टेररिस्ट फोर्स फोर्स और खुफिया तंत्र के साथ मिलकर संगठित अपराधों की कमर तोड़ने की कोशिश में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं ताकि जयपुर में दूसरे राज्यों के अपराधियों को शरण नाम मिल सके उनकी लोकेशन और उनकी गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाती है जयपुर में सभी पुलिस थाना अधिकारियों को इस बात के लिए अलर्ट रखा गया है कि उनके इलाके में उनकी यह जिम्मेदारी है कि कोई बाहर का बदमाश आकर शरण ना ले सके इसके लिए प्रत्येक थाना स्तर पर सघन चेकिंग अभियान और पुलिस के दिन और रात्रि कालीन गस्त को भी और मजबूत करने की दिशा निर्देश नए पुलिस कमिश्नर की ओर से जारी किए गए हैं ।

# बाबा महाकाल के मंदिर में अन्नकूट और छप्पन भोग महोत्सव

### महाआरती के बाद किया गया प्रसाद वितरण

**कुचामनसिटी।** शहर के पुराना सीकर बस स्टैंड स्थित 200 साल से पुराना प्राचीनतम शिव मन्दिर में अन्नकूट और छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में भगवान शिव के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। पंडित जी ने नवीन धान का भोग लगाते हुए विश्व कल्याण की कामना की। इस उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन हुए, महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, पंडित जी ने आरती की और प्रसाद वितरण किया गया। सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यार्जनप किया. यह मंदिर राजा-रजवाड़ा के समय



से शहर में श्रद्धा का केन्द्र है। पंडित ने बताया कि पृथ्वीलोक पर भगवान शिव की आराधना को श्रेष्ठ माना गया है और उनके सर्वश्रेष्ठ, की पूजा से मनोकामना पूर्ण होती है, पंथ और संप्रदायों में विभक्त सनातन संस्कृति में भगवान शिव की भक्ति के अनेक तरीके प्रचलित हैं। सभी तरीके रास-रंग के साथ भगवान शिव की उपासना को महत्व देते हैं, जिसमें भगवान की मनुहार करना और उनकी सात्विक तरीके सेवा करना शामिल है, उपासना के विभिन्न तरीकों में एक अहम सेवा अन्नकूट मानी जाती है पंडित जी ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थानीय कलाकारों की ओर से भजन-कीर्तन किया गया. भजन में अन्नकूट बनाए जाने वाले छप्पन भोग मिठाई का वर्णन पदों गायन के माध्यम से किया गया है।

# महाराज देवानंद जी ने गौशाला का किया निरीक्षण

### गौ माता के लिए व्यवस्थाओं को देखकर की प्रशंसा

**सुमेरपुर।** सोमवार को दडी स्वामी देवानंद जी सरस्वती महाराज रामेश्वर महादेव मंदिर कालद्री,श्री राम गौशाला कोलीवाडा पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला का भ्रमण किया और गायों को गुड़ खिलाया। उसके बाद उन्होंने पूरे गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान महाराज ने गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला से गौशाला संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली,और सच्चे मन से गौ माता की सेवा करने के लिए मौजूद सभी सदस्यों को निर्देशित किया। भ्रमण के तहत गौशाला में



पर्याप्त गौ माता के लिए व्यवस्थाओं को देखकर महाराज ने प्रशंसा की। महाराज ने गायों को देखकर आगे भी व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के लिए भी आवाहन किया और सभी गौशाला ट्रस्टियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाराज ने गौशाला में गायों की हेल्थ को देखा और व्यवस्थाओं की सहारना की । साथ ही चारा,पानी इत्यादि व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया,और महाराज ने गौ माता की सेवा के लिए 5100 सौ रूपये की राशि दान की। इस अवसर पर गौ भक्त खंगार सिंह राजपुरोहित ने भी 5100 की राशि भेंट की। दडी स्वामी श्री सेवानंद जी सरस्वती महाराज के आगमन पर गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला,चत्रभुज शर्मा,अमर सिंह,जुगल किशोर सिंह राजपुरोहित,खंगार सिंह राजपुरोहित, जगदीश सिंह राजपुरोहित, सत्येंद्र सिंह राजपुरोहित, रतन सिंह राजपुरोहित, मोहनदास वैष्णव, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत आदि ने महाराज का गर्मजोशी से स्वागत कर दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट किया।



# एंजेलिना जोली से प्रेरित हैं शीना चौहान

फिल्मी दुनिया में कई ऐसे किरदार होते हैं, जो न केवल दर्शकों के दिलों पर छा जाते हैं, बल्कि कलाकारों को भी प्रेरित करते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री शीना चौहान ने बताया कि उनके लिए आने वाली सीरीज में अपने किरदार को निभाने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली का लोकप्रिय किरदार 'मेलफिसेंट' सबसे बड़ी प्रेरणा बना। एंजेलिना जोली ने डिज्नी की फिल्म 'मेलफिसेंट' में जिस तरह से एक 'विलेन' को ताकत, भावनाओं और मानवीय गहराई से पेश किया, उसने दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित किया था। शीना ने बात करते हुए कहा, ''एंजेलिना जोली का अभिनय केवल एक खलनायिका को दिखाने तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने उसे एक ऐसी स्त्री के रूप में पेश किया जो ताकतवर भी है, भावनाओं से भरी भी है, और संवेदनशील भी है। कुल मिलाकर उन्होंने अपने किरदार के जरिए कल्पनाओं को जगाया। वह एक ऐसी शक्ति थीं, जिसमें प्यार, गुस्सा, दर्द और करुणा सब कुछ था। मैंने अपने किरदार में भी वही संतुलन लाने की कोशिश की है।'' शीना चौहान ने आगे कहा, ''सीरीज 'भयावह' में मेरा किरदार एक ऐसी औरत का है जो विद्रोही है, जुनूनी है और अपने विचारों में इंसानियत रखती है। अगर किसी भी नेगेटिव किरदार में भावनाओं और संवेदनशीलता की परतें जोड़ दी जाएं, तो वह और भी दिलचस्प बन जाता है। मेरी कोशिश यही रही कि दर्शक मेरे किरदार से डरें भी, लेकिन उसे समझें भी। अपने लुक और बदलाव के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि जब उन्होंने इस किरदार का रूप धारण किया, तो उन्हें खुद अपने अंदर एक अलग ऊर्जा महसूस हुई। उन्होंने कहा, 'जैसे ही मैंने सींग लगाए, रेड लिपस्टिक लगाई, और बालों को कर्ली किया, तो मुझे लगा कि मेरा किरदार मुझमें उतर आया है। मेरे किरदार में हास्य भी है और रहस्य भी। मुझे उसे निभाने में बहुत मजा आया और मैं चाहती हूं कि दर्शक भी उसे उतना ही पसंद करें।' 'भयावह' सीरीज साल 2026 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।



# सुष्मिता सेन से लेकर सैफ अली खान तक

## बॉलीवुड के ये सितारे अब वेब सीरीज में कमा रहे नाम

कई बॉलीवुड कलाकारों ने बड़े पर्दे पर बेहतरीन अभिनय किया है। शुरू से उनकी पहचान फिल्मों में काम करने की रही है। इनमें से कुछ कलाकारों ने अब बड़े पर्दे पर अभिनय करना बंद कर दिया है। हालांकि इन कलाकारों ने वेब सीरीज में अच्छा अभिनय किया है। इनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा भी है। आइए उन कलाकारों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे के साथ वेब सीरीज में भी अच्छी अदाकारी की है।

### सुष्मिता सेन- आर्या

लाखों दिलों की चाहत सुष्मिता सेन ने आर्या के जरिए सिनेमा में शानदार वापसी की। इसमें उन्होंने अपराध और खतरे का सामना करने वाली एक मां का किरदार निभाया। उनकी स्क्रीन उपस्थिति में शक्ति और कमजोरी का मिश्रण है। वेब सीरीज के फॉर्मेट को अपनाकर, सुष्मिता ने दिखाया कि कैसे बॉलीवुड के सितारे नई जिंदगी पा सकते हैं।

### माधुरी दीक्षित- द फेम गेम



माधुरी दीक्षित लंबे वक्त से बड़े पर्दे पर राज करती रही हैं। उन्होंने वेब सीरीज द फेम गेम में अभिनय के जरिए यह साबित कर दिया कि यह प्लेटफॉर्म छोटा नहीं है। सीरीज में उन्होंने एक ऐसी सुपरस्टार का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में कई राज छिपे हैं। उनके सहज आकर्षण ने इस सीरीज को दर्शकों के दिलों में जगह दिलाई। वेब सीरीज में माधुरी के प्रवेश ने दिखाया कि कैसे बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार भी नए दर्शकों से जुड़ने के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स का सहारा ले रहे हैं।

### मनोज बाजपेयी–द फैमिली मैन



मनोज बाजपेयी ने द फैमिली मैन में श्रीकांत तिवारी नामक एक जासूस की भूमिका निभाकर फैंस के दिलों को जीत लिया। उन्होंने इसमें हास्य और चिंता से ग्रस्त व्यक्ति का किरदार निभाया। इस सीरीज के साथ, मनोज ने एक शानदार उदाहरण पेश किया कि कैसे बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अच्छी कहानियों के साथ स्ट्रीमिंग में छा सकते हैं।

### सैफ अली खान सेक्रेड गेम्स

सैफ अली खान बड़े पर्दे के मशहूर अभिनेता हैं। हालांकि उन्होंने वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स में सरताज सिंह की भूमिका को पूरी ईमानदारी से निभाया है। वेब सीरीज में उन्होंने अपने अभिनय से फैंस को हैरान कर दिया है। डिजिटल ड्रामा में उनके अभिनय ने दूसरे बॉलीवुड कलाकारों को रास्ता दिखाया है। सैफ ने साबित कर दिया है कि स्ट्रीमिंग शो भी फिल्मों की तरह प्रभावशाली हो सकते हैं और दर्शकों से जुड़ सकते हैं।
इसी तरह से नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने सेक्रेड गेम्स में अच्छा अभिनय किया। राधिका आप्टे ने लस्ट स्टोरीज में शानदार अभिनय किया। पंकज त्रिपाठी ने मिर्जापुर में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है।



### अभिषेक बच्चन ब्रीद इंटू द शैडो



अभिषेक बच्चन ने सीरीज ब्रीद इनटू द शैडोज से दर्शकों को प्रभावित किया है। इसमें उन्होंने एक पिता की भूमिका निभाई है। उनके डिजिटल डेब्यू ने दर्शकों को नया अनुभव दिया। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर अभिषेक के सफर ने दिखाया कि कैसे बॉलीवुड अभिनेता खुद को नया रूप दे सकते हैं। उन्होंने यह बताने की कोशिश की कि अपने बेहतरीन अभिनय से वह फैंस को हैरान कर सकते हैं।



# मैं अभी बहुत कुछ हासिल करना चाहती हूं

इंटरनेशनल स्टार बन चुकी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' को लेकर चर्चाओं में हैं। एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रियंका महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ नजर आएंगी। 15 नवंबर को फिल्म का एक बड़ा इवेंट होना है। इस बीच अभिनेत्री ने एक्स पर अपने फैंस के साथ बातचीत का एक सेशन चलाया। इस दौरान देसी गर्ल ने फैंस के सवालों के कुछ मजेदार जवाब भी दिए। आस्क पीसीजे सेशन की शुरुआत में प्रियंका ने अपनी एक सेल्फी शेयर करते हुए कहा कि वो अभी कार में हैं। आप सब कहां हैं? सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा कि आपने बॉलीवुड, हॉलीवुड, म्यूजिक और प्रोड्यूसर के तौर पर सब कुछ एक्सप्लोर किया है। अब ऐसा क्या है जो आप सीखना चाहती हैं या कुछ नया क्रिएट करना चाहती हैं? इस पर पीसी ने जवाब दिया, 'मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत भी नहीं की है। मैं अभी बहुत कुछ करना और हासिल करना चाहता हूं। उम्मीद है कि मैं कर पाऊंगी।'



# इंडस्ट्री ने हमेशा मुझे काम, इज्जत और प्यार दिया

**पॉलिटिकल ड्रामा महारानी के चौथे सीजन में रानी भारती (हुमा कुरैशी) की बेटी रौशनी भारती, जिसकी भूमिका निभा रही हैं अभिनेत्री श्वेता बसु प्रसाद। एक्ट्रेस ने हाल ही में बातचीत की और सीरीज को लेकर बात की।**

बातचीत के दौरान, श्वेता कहती हैं, मैं महारानी के तीनों सीजन की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। जब इस शो के क्रिएटर और राइटर सुभाष कपूर जी से मुलाकात हुई और उन्होंने सीजन 4 के लिए मेरा नाम सुझाया, तो यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात थी। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने सीजन 1 में रौशनी भारती का किरदार लिखा था, तब ही मन बना लिया था कि लीप के बाद मुझे कास्ट करेंगे। किसी क्रिएटर का इस तरह का विश्वास एक कलाकार के लिए बहुत बड़ी बात होती है। इस फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता, मजबूत लेखन और शानदार परफॉर्मेंस – इन सबने मुझे बहुत आकर्षित किया। अपने किरदार रौशनी भारती के बारे में श्वेता कहती हैं, स्पॉयलर तो नहीं दूंगी (हंसती हैं), लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि रौशनी, रानी भारती की बेटी है – एक पॉलिटिकल परिवार में पली-बढ़ी, बेहद दमदार और अपने माता-पिता की विरासत को लेकर चलने वाली। इस बार वो पहले से ज्यादा मजबूत, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली नजर आएगी।

अपनी स्क्रिप्ट चॉइस को लेकर श्वेता हमेशा ईमानदार रही हैं। वह स्वीकार करती हैं, अगर दिल नहीं मानता, तो मैं प्रोजेक्ट नहीं करती। जैसा मैंने कहा, मैं पहले ऑडियंस हूं, फिर एक्टर। अगर मुझे लगे कि मैं खुद वो फिल्म नहीं देखना चाहूंगी, तो ऑडियंस का वक्त क्यों बर्बाद करूं? मेरी जिम्मेदारी है कि वही प्रोजेक्ट चुनूं जो ऑडियंस को पसंद आए। हिट-फ्लॉप तो किस्मत की बात है, पर इरादा हमेशा ईमानदार होना चाहिए। वह आगे जोड़ती हैं, मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हूं। मैं एक आउटसाइडर रही हूं, लेकिन इस इंडस्ट्री ने हमेशा मुझे काम, इज्जत और प्यार दिया। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे मेरी मेहनत का फल नहीं मिला। यहां धैर्य और अनुशासन बहुत जरूरी हैं और अब मुझे लगता है कि मेहनत का असर दिख रहा है।
हुमा कुरैशी के साथ काम को लेकर श्वेता बसु प्रसाद का अनुभव बेहद खास रहा।

### मैंने 'रिटेक' लिखी और डायरेक्ट की...

अब श्वेता केवल कैमरे के सामने ही नहीं, बल्कि कैमरे के पीछे भी अपना टैलेंट दिखा रही हैं। वह बताती हैं, मैंने रिटेक नाम की एक शॉर्ट फिल्म लिखी और डायरेक्ट की है, जिसमें अनुपम खेर साहब हैं और अप्पलॉज एंटरटेनमेंट ने इसे प्रोड्यूस किया है। मैं फिलहाल नई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रही हूं – शॉर्ट फिल्म ही नहीं, बल्कि फीचर फिल्म पर भी। आगे डायरेक्शन जरूर करूंगी, लेकिन एक्टिंग मेरा पहला प्यार है और रहेगा। कैमरे के आगे रहना मेरी पहचान है, वो कभी नहीं छोड़ूंगी।



# शादी की होनी चाहिए एक्सपायरी डेट

**अजय देवगन के साथ काजोल की शादी को 26 साल पूरे हो चुके हैं। लेकिन अब काजोल ने शादी को लेकर एक ऐसा बयान दिया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया।**

अभिनेत्री काजोल इन दिनों अपने टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। शो के लेटेस्ट एपिसोड में अब अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री कृति सेनन नजर आएंगे। हालांकि, शो के कुछ प्रोमो सामने आए हैं, जिनमें काजोल और ट्विंकल अपने मेहमानों के साथ जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। अब इस एपिसोड के प्रोमो में दिखता है कि काजोल ने शादी की एक्सपायरी डेट होने का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने इस मामले में नया विकल्प होने की बात का भी पक्ष लिया है।

### सिर्फ काजोल ने किया समर्थन

दरअसल, शो के 'ये या वो' सेगमेंट के दौरान सवाल पूछा गया, 'क्या शादी की एक एक्सपायरी डेट और रिन्यूवल का विकल्प होना चाहिए?' इस सवाल से कृति सेनन, विक्की कौशल और ट्विंकल ने अपनी असहमति जताई। उन्होंने इस सवाल पर रेड जोन चुना। लेकिन अभिनेता अजय देवगन की पत्नी और अभिनेत्री काजोल ने इस सवाल का समर्थन करते हुए ग्रीन जोन को चुना। इस पर ट्विंकल ने मजाकिया लहजे में कहा, 'नहीं, यह शादी है, वॉशिंग मशीन नहीं।'

### सही व्यक्ति से शादी होने की क्या गारंटी

अपने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए काजोल ने कहा कि मुझे तो बिल्कुल ऐसा ही लगता है। क्या गारंटी है कि आप सही समय पर सही व्यक्ति से शादी करेंगे? रिन्यूवल का विकल्प सही होगा और अगर कोई एक्सपायरी है, तो किसी को ज्यादा देर तक परेशान नहीं होना पड़ेगा। यही नहीं काजोल ने ट्विंकल को भी ग्रीन जोन में शामिल होने के लिए मनाने की कोशिश की। लेकिन ट्विंकल अपने विचार पर अड़ी रहीं।

### ट्विंकल-विक्की का मानना पैसे से खरीद सकते हैं खुशी

इसी सेगमेंट के दौरान अगला स्टेटमेंट था, 'क्या पैसे से खुशी खरीदी जा सकती है।' इस बार ट्विंकल खन्ना और विक्की कौशल इस बात से सहमत नजर आए और उन्होंने ग्रीन जोन चुना। जबकि काजोल ने इस कथन पर अपनी असहमति जताई। काजोल ने कहा कि आपके पास चाहे कितना भी पैसा हो, यह वास्तव में एक बाधा बन सकता है। यह आपको असली खुशी से दूर कर देता है। वहीं कुछ देर सोचने के बाद कृति ने माना कि पैसे से कम से कम कुछ हद तक खुशी खरीदी जा सकती है।

### काजोल और ट्विंकल का कॉमन है एक्स

गेम के बाद ट्विंकल ने कहा कि सबसे अच्छे दोस्तों को एक-दूसरे के एक्स को डेट नहीं करना चाहिए। फिर उन्होंने मजाकिया अंदाज में काजोल को गले लगा लिया। ट्विंकल ने कहा मजाक में कहा कि हमारा एक एक्स कॉमन है, लेकिन हम बता नहीं सकते। इस पर काजोल तुरंत हंस पड़ीं और ट्विंकल को चुप रहने के लिए कहा।



## नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर 18 नवम्बर को होगा शपथ कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशीली दवाओं की मांग से निपटने के लिए 15 अगस्त 2020 से नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 18 नवम्बर को गुरू नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उलक्ष्य में एक भव्य समापन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उददेश्य अभियान की उपलब्धियों को उजागर करना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में किए गए सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए सोशल मीडिया सहित मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## राजाखेड़ा में खाद के लिए हुई मारामारी सड़क पर लगा जाम प्रशासन को करनी पड़ी काफी मशक्कत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले,के राजाखेड़ा के अंदर आजकल किसानों को रवि फसल के लिए यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता है जिसे लेकर किसान काफी चिंतित है परंतु किसान को खाद मिलना तो दूर की बात रही लेकिन उसको खाद के दर्शन तक नहीं हो रहे हैं राजाखेड़ा के खाद व्यापारी खाद की रेक को नहीं उठा रहे है क्योंकि उनको अब ब्लैक करना दुश्वार हो रहा है जो कि अब तक किसानों से मनमानी कीमत वसूल कर खाद वितरण करते आए हैं लेकिन खाद की सूचना होने पर तुरंत ही हजारों की संख्या में किसानों का हज्जूम उमडने लगता है जैसा कि कल दोपहर बाद राजाखेड़ा शमशाबाद बायपास रोड पर नारायण खाद बीज भंडार की दुकान पर यूरिया खाद की सूचना मिलने पर लोग बागौ का हझूम इकट्ठा हो गया दिन सोमवार को किसान इतनी संख्या में आए कि उनको सड़क पर जाम लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा इसलिए वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई थी जाम की सूचना पर तहसीलदार राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा मौके पर पहुंचे जहां जिस वक्त यह दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे उस वक्त केवल मात्र दो ही पुलिस के जवान थे तहसीलदार के द्वारा थाना अधिकारी राजाखेड़ा को फोन लगाया गया कि पुलिस जापता और भेजा जाए तहसीलदार के फोन की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना अधिकारी गंभीर सिंह भी पुलिस जापता के साथपहुंचे लेकिन इससे पूर्व ही बड़ी समझायस के बाद जाम को खुलवाया गया यदि यही हालत रही खाद की राजाखेड़ा में तो किसानों के सामने एक भीषण संकट पैदा हो सकता है तथा जो खाद्य विक्रेताव्यापारी खाद नहीं उठा रहे हैं जिन्होंने लाइसेंस ले रखे हैं और नहीउठाने पर प्रशासन को उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शीघ्र करनी चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के मनिया मै हुआ खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिले के,आदर्श विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल मनिया में मेरा युवा भारत केंद्र धौलपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के निर्देशानुसार विवेकानंद युवा मंडल मनिया के द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जगबीर सिंह तहसीलदार मनिया, थाना अधिकारी नीरज कुमार शर्मा ,एवं विशिष्ट अतिथि युवा नेता उदल कुशवाहा रहे।एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल व्यवस्थापक जयपाल सिंह कुशवाह,समाजसेवी रमेश चंद्र गर्ग ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत अध्यक्ष रिंकेश गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अजीत सिंह ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में कबड्डी ,रस्सा कसी ,दौड़ ,लंबी कूद का आयोजन किया गया। जिसके निर्णायक शारीरिक शिक्षक संजय शर्मा ,अवधेश शर्मा ,रजनी सुरेखा त्यागी रहे । मुख्य अतिथियों ने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। विशिष्ट अतिथि उदल सिंह कुशवाहा के द्वारा कहा गया। कि स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है।इसलिए हमें पढ़ाई के साथ-साथ भी खेलों पर ध्यान देना चाहिए खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस प्रतियोगिता मैं कही छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अजय कुशवाहा,विनोद गोस्वामी, प्रेम सिंह, शिव सिंह, पूरन, सीखा, विवेक ,संदीप,अभिषेक गिरिराजकुशवाहा, लक्ष्मीनारायण ,प्रमोद,आदि लोग उपस्थित रहे।

## नादनपुर थाना एसएचओ बने कृष्ण कुमार मीना क्षेत्र में अपराधों की दर कम होगी-कृष्ण कुमार मीना का वादा

### अपराधियों पर होगा सख्त अंकुश अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** नादनपुर पुलिस थानाधिकारी कृष्ण कुमार मीना ने हाल ही में पुलिस लाइन धौलपुर से ट्रांसफर होकर नादनपुर थाना एसएचओ का पद संभाला है उन्होंने पुलिस विभाग में अपने अनुभव और दी गई जिम्मेदारी पर विशेष चर्चा की कृष्ण कुमार मीणा ने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बनाना राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य है उन्होंने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू की हैं।

# पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स बैठक आयोजित सभी संबंधित विभाग अभियान की सफलता के लिए आपसी समन्वय से करें कार्य-एडीएम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(निस.)** आगामी 23 नवंबर को आयोजित उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक आायोजित की गई। बैठक में उन्होंने ने सभी संबंधित अधिकारियों को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा शून्य से 05 साल तक बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए सभी एसडीएम एवं बीसीएमओ को निर्देश दिए हैं कि उपखण्ड स्तर पर टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण गतिविधियों की सघन कार्ययोजना बनाकर इनका सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। अभियान की सफलता के लिए धर्म गुरुओं से भी अपील करवाए। उन्होंने शिक्षा विभाग विभाग के अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान के लिए जिले की समस्त विद्यालय क्षेत्रों स्थानीय शिक्षकों द्वारा गृह संपर्क के दौरान अभियान का प्रचार-प्रसार के करने के निर्देश दिए। पोलियो बूथ के लिए चिन्हित शालाएं रविवार को भी खोली जाए। साथ ही आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास द्वारा पल्स पोलिया अभियान से 3 दिन पूर्व 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को घर-घर भ्रमण पश्चात शत-प्रतिशत नामवार सूचीबद्ध करना सुनिश्चित करें। समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा अभियान दिवसों का प्रचार- प्रसार करें। पोलियों बूथ चिन्हित पर आंगनवाडी केन्द्रों में अभियान दल के सदस्य के रूप में, स्थानीय कार्य योजना अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका का बूथ दल में शामिल रहें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 नवंबर को बूथ पर तथा अगले दो दिन घर-घर जाकर पोलियो दवा पिलाई जायेगी। अभियान की शत-प्रतिशत सफलता के लिए 1 हजार 31 बूथ, 17 मोबाइल टीम तथा 160 सुपरवाईजर्स की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 22 ट्रांजिट दलों के माध्यम से पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने सूक्ष्म कार्ययोजना बनाई गई है। बैठक में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने अभियान की सफलता के लिए बनाई गई कार्य योजना के बारे में अवगत कराया। इस दौरान सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर में 'आइडिया प्रेजेंटेशन डेमो डे' का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)।** तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर में 'आइडिया प्रेजेंटेशन डेमो डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी.एल गुप्ता ने किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन में कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने नवाचारी आइडिया को प्रदर्शित किया जाएगा। जो विभिन्न सामाजिक और तकनीकी समस्याओं के समाधान पर आधारित होंगे। कार्यक्रम के दौरान पूर्णिमा सेन ने डिजिटल सखी एसओएस आधारित महिला सुरक्षा यंत्र के ऊपर अपना स्टार्टअप आईडिया दिया तथा पलक शर्मा ने स्मार्ट क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में अवगत कराया , संचित त्यागी ने बीजों कालाबाजारी को रोकने के लिए अपने स्टार्टअप की कार्य योजना बताई। इस दौरान कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण कांत उपाध्याय, निरंजन सिंह,और निर्णायक मंडल के रुप मे विनय बघेला, ब्रजेश कुमार शिवकांत शर्मा , मोहित श्रीवास्तव ने मूल्यांकन किया। कॉलेज प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्टार्टअप आइडियाज को छात्रों के नवाचार कौशल, तकनीकी क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विजय कुमार अग्रहरि, मिलेश चौहान, सौरव शर्मा, माधव गर्ग, कुलदीप तिवारी, हिमांशु गुप्ता, मनीष कुमार, पवन कुमार, अजय कौशल, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## राजकार्य में बाधा मामले का वांछित आरोपी मूलचंद्र बावरिया प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस.)** पुलिस थाना फुलेरा ने राजकार्य में बाधा के दर्ज प्रकरण में वांछित चल रहे कुख्यात अपराधी मूलचंद्र उर्फ मूल्या बावरिया को जिला नागौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने बताया कि जिले में सक्रिय और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत फुलेरा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मूलचंद्र को 08 नवंबर 2025 को वर्ष 2019 की दर्ज लूट की वारदात में जारी गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान मूलचंद्र की मां पांचीदेवी, बहन गौरा देवी, बहन प्रेमदेवी और पत्नी मंजू देवी ने पुलिस जाप्ते पर पथराव और लाठी से जानलेवा हमला कर आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया था, जिससे पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस घटना के बाद परिवारजनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा व पुलिस पर हमले का प्रकरण दर्ज किया गया था। सोमवार को आरोपी को इसी प्रकरण में वांछित होने पर जिला नागौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर पुलिस टीम द्वारा पुनः गिरफ्तार किया गया।अनुसंधान में सामने आया है कि मूलचंद्र उर्फ मूल्या पर लूट, डकैती, चोरी, गैंगरेप और अपहरण जैसे आठ गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और वह लगातार चोरी व लूट की वारदातों में सक्रिय रहा है। आरोपी की मां पांचीदेवी थाना हाजा की हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर पांच मामले दर्ज हैं, जबकि उसकी बहन गौरा देवी के खिलाफ भी राजकार्य में बाधा और मारपीट के दो मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी और उसके परिवारजन संगठित गिरोह बनाकर चोरी, लूट और संपत्ति से जुड़े अपराधों को अंजाम देते थे तथा गिरफ्तारी के दौरान महिलाओं की आड़ लेकर पुलिस पर हमला कर आरोपी को भगाने की रणनीति अपनाते रहे हैं। इस कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा, वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में और थानाधिकारी फुलेरा राजेंद्र कुमार (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में सउनि कमलवीर, हैड कांस्टेबल महादेव प्रसाद, कांस्टेबल हंसराज, रविदत्त, रविकुमार, सरदार सिंह, राजेंद्र कुमार, महिला कांस्टेबल पतासी, शंकर, गीता और चालक जीवाराम शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइकिल से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ शरीर का संदेश देने निकले राजू बसीटा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(निस.)** आज के युग में जहां आज की पीढ़ी कुछ किलोमीटर साइकिल चला कर थक जाती है वहीं महाराष्ट्र के रहने वाले 65 वर्षीय राजू बसीटा मुंबई से दिल्ली तक पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ शरीर का संदेश देते हुए बदलापुर , मुंबई होते हुए दिल्ली तक का सफर साइकिल से ही कर रहे हैं अजय बिलोनिया से मिली जानकारी के अनुसार राजू बसीटा मुंबई से दिल्ली के बीच में मिलने वाले सभी जिलों में रुककर लोगों पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ शरीर का संदेश देते हैं कि अगर स्वस्थ रहना है तो साइकिल चलाना बहुत जरूरी है इससे पर्यावरण में प्रदूषण भी नहीं होगा और शरीर भी स्वस्थ रहेगा रणछोड़ नगरी धौलपुर पहुचने पर रजक महासमिति धौलपुर के अध्यक्ष हरविलास रजक की अध्यक्षता में मिशन स्वास्थ्य शरीर, स्वास्थ्य पर्यावरण के तहत साइकिल यात्रा कर रहे राजू बसीटा का स्वागत व सम्मान किया गया । राजू बसीटा ने बताया कि इंसान अपने फायदे के लिए भारत में रोज लगातार हजारों पैड़ काट रहा हैं ।तेजी से जंगल की कटाई की जा रही है। जिससे प्रकृति को काफी नुकसान हो रहा है । ऐसे मे अगर पर्यावरण सुरक्षित नहीं रहेगा तो ऐसी स्थिति में मनुष्य ही नहीं बल्कि समस्त जीव जंतुओं का बचना मुश्किल हो जाएगा पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी है पर्यावरण संरक्षण के लिए मुंबई के रहने वाले राजू बसीटा साइकिल यात्रा कर लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं । राजू बसीटा पहले भी बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कश्मीर से कन्याकुमारी 2022 में, जल है तो कल है के तहत बदलापुर मुंबई से अजमेर राजस्थान 2024 में , वृक्ष लगाओ- धरती को हरा भरा बनाओ के तहत बदलापुर मुंबई से नागपुर , और अभी स्वच्छ पर्यावरण- स्वस्थ शरीर के के तहत बदलापुर मुंबई से दिल्ली तक यात्रा जारी है । स्वागत व सम्मान के इस मौके पर रामदीन , वीरू रजक जी ,विवेक मथुरिया , अजय बिलोनिया,संदीप गार्गी, सतीश कुमार , कुलदीप सिंघारिया , आदि लोग मौजूद रहे ।

## 100 से अधिक चालकों की नेत्रों का कराया परीक्षण

### एस एन महाविद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में मनाई जा रहे। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय में वाहन चालकों के नेत्रों के परीक्षण को लेकर शिविर लगाया गया। जिसमें 100 से अधिक चालकों ने अपने आंखों का परीक्षण कराया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हमारे द्वारा दूसरी बार नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराया गया है। शिविर में वाहन चालकों की नेत्रों का परीक्षण करा कर उन्हें निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया है। वरिष्ठ नेत्र सहायक अजब सिंह ने चालकों से कहा कि वह अनिद्रा की स्थिति में अभी वाहन का उपयोग ना करें। दृष्टि दोष होने पर चश्मे का उपयोग करें तथा समय-समय पर अपनी आंखों का परीक्षण करते रहे। इसके अलावा परिवहन निरीक्षक ओम प्रकाश चौधरी द्वारा मनियां के एस एन महाविद्यालय में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई गई परिवहन निरीक्षक ओम प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का सुयोग्य नागरिक होता है। इसलिए यदि आप विद्यार्थी जीवन में ही यातायात नियमों की पालना करेंगे तो आप दूसरों के लिए भी प्रेरणा के स्रोत बनोगे। उन्होंने कहा कि आप प्रतिदिन सफर करते हैं यदि आपको सड़क पर कोई घायल पीड़ित नजर आता है तो आप तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं और गुड सेमरिटर्न के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि गुड सेमीरिटर्न को राजस्थान सरकार द्वारा 10 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई तथा महाविद्यालय आने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने पर जोर दिया। प्रवीण भाई की ओर से डीआरएम कॉलेज व वर्षा हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में भी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रदीप लवानियां, संजीव कुमार, उमेश चंद, अनुज जैन व सचिन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** बिजली, पानी, मौसमी बिमारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए इस समय बिजली की आवश्यकता अधिक होती है। इसलिए किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणा के अन्तर्गत तहसील भवन निर्माण के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बापूगांव विद्यालय में गतिशीलता प्रशिक्षण की शुरुआत

जयपुर टाईम्स

**चाकसूः-(निस.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूगांव में सोमवार से दो दिवसीय गैर आवासीय एसएमसी एवं एसडीएमसी प्रशिक्षण की शुरुआत स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नरसी लाल मीणा ने मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ की गई। दक्ष प्रशिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से मां शारदे पूजा अर्चना करवाई गई। इसके पश्चात प्रार्थना करवाकर उपस्थित संभागीय के साथ राष्ट्रगीत बुलवाया गया। इसके पश्चात प्रथम सत्र में विद्यालय विकास में एसएमसी एवं एसडीएमसी के अधिकारों के बारे में बताया गया। एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में समझाया गया। प्रधानाचार्य नरसी लाल मीणा ने बताया कि इस दो दिवसीय सामुदायिक प्रशिक्षण में 6 विद्यालयों के सम्भागी भाग ले रहे हैं।

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम AVESH से बदल कर AVESH AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम AVESH AHMED से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।
आवेश अहमद पुत्र रहीश अहमद निवासी वार्ड नं 15, तेलियान मस्जिद के पास, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री अमी चंद, पुत्रः श्री गणेश राम, पताः 1) डी–1/41–बी, बुध विहार, दिल्ली, 2) टस्कोला, तहसील कोट पुतली, जिला जयपुर, राजस्थान** ने **FIR No. 397/2016, U/s 419/420/467/468/471/120B IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री अमी चंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री अमी चंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 397/2016, U/s 419/420/467/468/471/120B IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **श्री अमी चंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15307/NW/2025

## आर्टिस्ट दीनदयाल कुमावत ने दिखाया हुनर, त्रिलोक को सौंपी कलाकृति

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** त्योद गांव के युवा पोर्ट्रेट आर्टिस्ट दीनदयाल कुमावत ने अपनी हुनरमंद कूची से तैयार विशेष स्केच पत्रकार त्रिलोक सैनी को भेंट किया। दीनदयाल की ओर से बनाया गया यह स्केच न केवल हूबहू था बल्कि उसमें उनकी कला की गहराई और बारीकी साफ झलकती दिखाई दी। चित्रकला व्याख्याता के रूप में कार्यरत दीनदयाल कुमावत लंबे समय से पोट्रेट आर्ट के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी ओर से तैयार किए गए कई चित्र आमजन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने सराहे हैं। सोमवार को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए



उन्होंने पत्रकार त्रिलोक सैनी की तस्वीर को स्केच के रूप में बनाकर समर्पित किया, जो स्थानीय स्तर पर चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। उपहार स्वरूप यह विशेष स्केच मिलने पर सैनी भावुक हो उठे और इसे कलाकार की ओर से मिला सम्मान बताया। दीनदयाल अपनी कला से लोगों के व्यक्तित्व को कागज़ पर उतारने में निपुण माने जाते हैं और अब तक कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों की कलाकृतियां उन्हें भेंट कर चुके हैं। कलात्मकता और सम्मान की इस अनोखी अभिव्यक्ति ने सांभर क्षेत्र में रचनात्मकता के प्रति एक नई उत्सुकता और सराहना का माहौल बना दिया है।

## लोकतंत्र तब ही मजबूत जब संस्थाएं मजबूत हो, भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया: पायलट



जयपुर टाइम्स

**टोंक(निसं.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्वभर में भारत के लोकतंत्र की मिसाल दी जाती थी। पहले के समय में निर्वाचन आयोग पहाड़ों पर, रेगिस्तान में, सरहद पर जहां गांव-ढाणी में यदि एक, दो वोट ही है, तो भी उन तक पहुंचने के लिए मीलों पैदल चलकर जाता था, ताकि वहां रहने वाला एक भी व्यक्ति मतदान से वंचित ना रह जाये, इस भावना के साथ चुनाव आयोग काम करता था। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब संस्थाएं मजबूत होती है। परन्तु आज केन्द्र की भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं में सेंधमारी करके लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है। सचिन पायलट ने टोंक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये कांग्रेस पार्टी के बीएलए के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी जी ने कई राज्यों की मतदाता सूचियों की जांच करवाकर उनमें पायी गई त्रुटियों को उजागर किया है। ये त्रुटियां अनजाने में नहीं हुई है, ये जान-बूझकर साजिशन की गई गलतियां है। उन्होंने कहा कि केर्न्द्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया में संशोधन करके इसको लचर करने का काम किया। भाजपा की सरकार ने बिहार में चलते चुनाव के बीच प्रत्येक महिला के खाते में 10-10 हजार रूपये डालने का काम किया और चुनाव आयोग मूकदर्शक बनके बैठा रहा। इससे साफ जाहिर है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा, देश बदलने से पहले स्वयं को बदलना होगा। पायलट ने कहा कि हमें सक्रिय रहकर सतर्कता के साथ मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना होगा। कार्यक्रम के बाद पायलट ने टोंक में नवनिर्मित गहलोद पुल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि गहलोद पुल, न्यू हॉस्पीटल समेत टोंक के वृहद प्रोजेक्ट निर्मित होकर तैयार है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि सरकार से आग्रह करके तैयार प्रोजेक्ट्स का शीघ्र लोकार्पण कर जनता को सुर्पुद करें।

## नगर निगम जयपुर द्वारा जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया जायेगा कल्चरल फेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर द्वारा 298वां जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत मंगलवार को सायं 6 बजे से स्टेच्यू सर्किल पर राजस्थानी सांस्कृतिक लोक कार्यक्रमों एवं आतिशबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत घूमर, कालबेलिया, चरी नृत्य, भवई, मागणिआर, राजस्थानी लोकगीत, राजस्थानी लोकनृत्य आदि का आयोजन किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री 19 नवम्बर को जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त

### राजस्थान के 66.62 लाख किसानों को खातों में हस्तांतरित होगी 1332.40 करोड़ की राशि

**जयपुर(कासं.)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 19 नवम्बर (बुधवार) को "पीएम-किसान उत्सव दिवस" के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे। कोयम्बटूर, तमिलनाडू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश के 9 करोड़ कृषकों को 18 हजार करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जाएगी। दक ने बताया कि राज्य के 66.62 लाख किसानों को 1332.40 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। प्रति किसान 2 हजार रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे। साथ ही, राज्य के सभी जिलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। अब तक योजना के अंतर्गत 20 किश्तों के माध्यम से 3.91 लाख करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। राजस्थान में किसानों को अतिरिक्त राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू है, जिसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 3 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही है।

# जयपुर में 47 लाख से ज्यादा परिगणना परिपत्रों का हुआ वितरण

**11 लाख से अधिक प्रपत्रों का किया जा चुका है डिजिटलीकरण**

**जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी कर रहे मॉनिटरिंग**

**निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को दी आनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने की सुविधा**

**जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मतदाताओं से की अपील**

TQRCG

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जयपुर जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि 17 नवंबर तक जयपुर जिले में कुल 47 लाख 4 हजार 549 परिगणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं वहीं, 11 लाख 90 हजार 611 प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके तहत जिले में 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक परिगणना चरण का संचालन किया जा रहा है। इस चरण में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण सतत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र https//voters.eci. gov.in/ पर जाकर अथवा प्रदान किए गए क्यूआर Code को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जिले में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण की प्रगति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र बस्सी ने सर्वाधिक 37.65 फीसदी प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित के लिए सदैव प्रतिबद्ध- अध्यक्ष, राजस्थान किसान आयोग



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने सोमवार को जालोर में किसानों से संवाद किया तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की बात कही। उन्होंने सर्किट हाउस में आयोजित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं संबंद्ध विभागों की बैठक के दौरान कृषि विभाग की प्रमुख योजनाओं में फार्म पौण्ड, पाईपलाईन, कृषि यंत्र, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल जाट से प्रगति की जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने फलदार बगीचा स्थापना के साथ क्षेत्र विस्तार में बढ़ोतरी के सुझाव देने के साथ ही अनार विक्रय के लिए निर्देश दिए ताकि कृषकों को पैदावार का उचित दाम मिल सके। उन्होंने जालोर जिले में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों द्वारा की जाने वाली खेती की सराहना करते हुए अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए जिससे देश की कृषि क्षेत्र में प्रगति हो सकें। उन्होंने कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने तथा कृषि पैदावार में बढ़ोतरी के लिए फार्म पौण्ड व जैविक खेती को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कहते हुए जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए सुझाव मांगे।

## अलवर में कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण शिविर, भंवर जितेंद्र सिंह और टीकाराम जूली रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बीएलए का मोती डूंगरी कार्यालय एवं अलवर शहर का कटी घाटी स्थित एक निजी होटल में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में फेल और मजाक की सरकार चल रही है और आगामी चुनावों को लेकर सभी को पूरी गंभीरता के साथ जुटने की अपील की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावों से पहले माहौल को प्रभावित करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि ये साल भर पहले 10 हजार रुपए बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे। कार्यक्रम में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि पार्टी बूथ स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से सक्रिय है। उन्होंने बीएलए की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सिंह ने कहा कि एक मजबूत और प्रशिक्षित बीएलए ही बूथ पर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बीएलए की सतर्कता और जिम्मेदार कार्रवाई अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में बूथ प्रबंधन, मतदान केंद्रों पर आचारसंहिता मतदाता सूची का सूक्ष्म अवलोकन, संदिग्ध प्रविष्टियों की पहचान और चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि पार्टी की जीत बूथ से ही तय होती है और हर बूथ पर मजबूत बीएलए पार्टी के लिए पहली जीत की तरह है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर संघर्ष और जिम्मेदारी दोनों के साथ काम करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि जितेंद्र सिंह ने जूली को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया, बल्कि अलवर ग्रामीण की जनता ने बनाया है। जूली तो बहरोड़ के रहने वाले थे। जनता ने इनको अपनाया। पहले जिला प्रमुख बनाया, फिर विधानसभा जीतने के बाद जूली ने छाप



छोड़ी। उसके बाद मंत्री बने। मंत्री बनने के बाद भी जनता ने अच्छे वोटों से जिताया, जिसके बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने इनको पहचानकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर प्रतिपक्ष के नेता टीकारामजूली ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान बचाने और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए मताधिकार सबसे बड़ा अधिकार है। जूली ने कहा कि राजस्थान में एसआईआर इतनी जल्दी कराने का कारण यही है कि यहां पंचायत और नगर निकाय के चुनाव होने हैं।प्रदेश सरकार की हालत खराब है। अंता विधानसभा से सरकार की हालत सामने आ चुकी है। जूली ने कहा कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव से पहले वोट काटने की जद्दोजहद है। सरकार ने इसी मंशा के साथ पहले चरण में राजस्थान को शामिल किया है। प्रशिक्षण में वोट चोरी रोकने के महासंकल्प के साथ कार्यकर्ताओं में खासा जोश दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी चुनावों में बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना मतदाता सूची मेंअनियमितताओं को रोकना और वोट चोरी पर अंकुश लगाने के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा विधायक दीपचंद खेरिया ललित यादव शकुंतला रावत सुमन यादव संजय यादव दीनबंधु शर्मा संजीव बारेठ जफरू खान नरेन्द्र सावित्री मीणा रोहिताश्व प्रधान उमरदीन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय पदाधिकारी और बूथ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सांसद राहुल कस्वां के ट्रैक्टर मार्च को पुलिस ने रोका: 100 से अधिक ट्रैक्टर जब्त

### 20 किसानों को लिया हिरासत में; जयपुर के लिए कर रहे थे कूच

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** सोमवार को सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में जयपुर रवाना हुए ट्रैक्टर एकता मार्च को पुलिस ने हाईवे पर ही रोक लिया। पुलिस ने 100 से ज्यादा ट्रैक्टर जब्त कर 15-20 किसानों को हिरासत में ले लिया जिसे एकबारगी किसानो में हड़कंप मच गया। सांसद राहुल कस्वां फसल मुआवजे और किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे राजगढ़ से ट्रैक्टर एकता मार्च के साथ रवाना हुए थे। यह मार्च करीब 15 किलोमीटर चलकर रतनपुरा गांव पहुंचा तो हाईवे पर पुलिस की गाड़ियां और वाहन सड़क पर तिरछा लगाकर किसानों को रोक लिया गया। रतनपुरा में ट्रैक्टर मार्च रोकने के बाद सांसद राहुल कस्वां किसानों के साथ सड़क पर धरने पर बैठ गए। वे कलक्टर को मौके पर बुलाकर बात करने पर अड़ गए। इसके बाद 100 से अधिक ट्रैक्टर जब्त कर लिए और 15-20 किसानों को हिरासत में लिया था। कलक्टर के पहुंचने पर दो दौर की वार्ता के बाद सहमति बनी। इसके बाद सांसद ने धरना खत्म कर दिया। सांसद राहुल कस्वां के साथ तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, नोहर विधायक अमित चाचान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंद्राराज खींचड़, पूर्व विधायक कृष्णा पूनियां, रफीक मंडेलिया सहित कई नेता भी धरने पर बैठे थे। धरना स्थल रतनपुरा गांव में दोपहर 2 बजे जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव पहुंचे थे। सांसद राहुल कस्वां से कलक्टर अभिषेक सुराणा-एसपी जय यादव ने वार्ता की। इसमें सांसद राहुल कस्वां सहित 30 लोगों के प्रतिनिधिमंडल की जयपुर में मुख्यमंत्री से बातचीत कराने पर सहमति बनी। प्रतिनिधिमंडल में 21 किसान और 9



कांग्रेस जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल सीएम से 500 करोड़ के फसल बीमा क्लेम सहित अन्य मांगों को लेकर वार्ता करेगा। जयपुर में कृषि अधिकारी, बीमा कंपनी अधिकारी, संबंधित मंत्री से भी बातचीत होगी। इसके साथ ही सांसद कस्वां ने धरना समाप्त कर दिया। एकता मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने एनएच-52 पर होटल झंकार और होटल सनवे के पास नाकाबंदी की थी। सुबह से ही किसान अपने ट्रैक्टर लेकर इन स्थानों पर पहुंचने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था और उनके ट्रैक्टर जब्त कर लिए। किसानों के धरना स्थल और हाईवे पर राजगढ़, दूधवाखारा, चूरू थाने की पुलिस, एसटीएफ सहित बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात रही। इसके साथ ही हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से भी पुलिस जाब्ता मौके पर बुलाया गया था। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने आरोप लगाया था कि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्वक ट्रैक्टर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उनके ट्रैक्टरों को पहले ही जब्त कर लिया और कई किसान व कांग्रेस के पदाधिकारियों को गिरफतार कर अपने साथ थाने ले गई। चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोकर, सोहेल खान डीके, निर्वतमान पार्षद विमल शर्मा, साहिल खान, जंगशेर खान, किशन बाबल, शाहरूख खान, एनएसयूआई से तौफिक खान, सुशील स्वामी, विनोद खटीक सहित लगभग 17 जनों को हिरासत में लेकर दुधवाखारा थाने ले गई।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए एआर/वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को प्रमुख शासन सचिव पर्यटन राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ की उपस्थिति में शासन सचिवालय में पर्यटन विभाग एवं कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन और कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही समय बद्धता से लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए।



दिया कुमारी ने महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट, शेखावाटी हवेलियों, ट्राईबल सर्किट, जवाहर कला केन्द्र, शिल्पग्राम जैसे विकास कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के मार्केटिंग शाखा द्वारा एआर/वीआर शो की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए एआर/वीआर शो की रूपरेखा तैयार करने के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने उक्त समीक्षा बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा झुन्झुनू में बनवाये जाने वाले वार म्यजियम की चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री को ट्यूरिज्म ऐप हेतु जानकारी दी गई कि इस हेतु बोली की तैयारी प्रक्रियाधीन है। दिया कुमारी को पर्यटन विभाग की विकास शाखा/टीआरसी जयपुर की ओर से जेडीए को जयपुर में कॉन्सर्ट पर्यटन के विकास हेतु पूर्व में आरक्षित भूमि को आवंटित करने का अनुरोध करने की जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि होहो (होप आन होप ऑफ) के लिए जेसीटीएसएल द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि नगर निगम जयपुर द्वारा जयपुर वाल्ड सिटी वर्क तकनीकी बोलियाँ अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। इसी प्रकार ए एण्ड एम द्वारा अल्बर्ट हाल वर्क हेतु प्राप्त ई-निविदाएँ समीक्षा प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किये जाने वाले आमेर मास्टरप्लान पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार पर्यटन विभाग की विकास शाखा द्वारा एमएचपी/पुष्कर प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई।

## चौथ का बरवाड़ा में सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन, आमजन में उत्साह

### पटेल केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल के नेतृत्व में सोमवार को चौथ का बरवाड़ा में भव्य सरदार पटेल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। गुड़ला वाले हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर चौथ का बरवाड़ा ट्रस्ट की धर्मशाला तक निकाले गए इस ऐतिहासिक मार्च ने पूरे क्षेत्र में उत्साह देशभक्ति और एकता का अनूठा संदेश दिया। मार्च की भव्यता में स्थानीय कलाकारों ने विशेष रंग भरा। राजस्थानी




लोकगीतों, देशभक्ति के नारों ऊंट-घोड़ों की पारंपरिक झांकियों तथा दंगल कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने वातावरण को जीवंत कर




दिया। क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यूनिटी मार्च का जगह-जगह विभिन्न समाजों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। युवा बुजुर्ग महिलाएँ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मार्च में लगातार जुड़ते गए जिससे इसका स्वरूप और अधिक विशाल व ऐतिहासिक बन गया। भाजपा महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल केवल एक नाम नहीं बल्कि भारत की एकता, अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी संगठन क्षमता और राष्ट्रनिर्माण की दूरदर्शिता नवभारत की मजबूत नींव है। उनका जीवन हमें कर्तव्य अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। इस यूनिटी मार्च के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में संदेश दिया एक भारत श्रेष्ठ भारत केवल नारा नहीं हमारा संकल्प है। यूनिटी मार्च में भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर मंडल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान तिरंगें की अनोखी छटा और भारत-माता के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
18 नवम्बर, 2025

## लक्ष्मणगढ़ में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, विभिन्न मामलों में वांछित अपराधी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी राजा राम लेघा के नेतृत्व में नेछवा एवं बलारा थाना पुलिस के संयुक्त जाप्ता द्वारा मंगलवार को थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। टीम ने पूर्व में मारपीट, झगड़े एवं आर्म्स एक्ट में चालानशुदा तथा विभिन्न मुकदमों में वांछित 25 अपराधियों के घरों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी।अभियान के तहत पुलिस ने लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के बादूसर, भोमा छोटी-बड़ी, बासनी, छीछास, नरोदड़ा, रोरू बड़ी-छोटी, घसू, बगड़ी सहित उपखंड के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। पुलिस ने सक्रिय बदमाशों से पूछताछ करते हुए उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई। कार्रवाई के दौरान आपराधिक प्रवृत्ति के तीन चालानशुदा एवं सक्रिय अपराधियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही थाना क्षेत्र का एक अपराधी, जो अन्य थानों में वांछित था,उसे भी पुलिस ने धर दबोचा।क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। पुलिस न बताया कि भविष्य में भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## गुरुकुल के निदेशक डॉ. सुभाष चारण ने पुलिस को दिए बेरीकेट

### डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई को सौंपे बेरीकेट



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** उपभोक्ता समस्या निवारण संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अमरसिंह चारण की प्रेरणा से उनके पुत्र गुरुकुल एज्यूकेशन ग्रुप के निदेशक डॉक्टर सुभाष चारण ने सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला व थाने के सीआई सतपाल बिश्नोई को उच्च क्वालिटी के मजबूत 10 बेरीकेट सुपुर्द किये। डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई ने समाज सेवी अमरसिँह चारण व इनके पुत्र सुभाष चारण का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि चारण परिवार ने समाज हित में बहुत प्रन्शसनिय कार्य किया इससे बढ़ते सड़क हादसों पर नियंत्रण होगा। डीएसपी सांखला ने कहा चारण परिवार का पहले भी में सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान रहा है। इस मोके पर हैड कॉंस्टेबल राजू कस्वां, कॉंस्टेबल राजू नायक, रमाकांत शर्मा, ओमप्रकाश हुड्डा, अजीतसिँह, राजकुमार, वीरेंद्र झाझड़िया सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## जाखड़ बने पटवार संघ उपशाखा के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे में राजस्थान पटवार संघ उपशाखा के चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार भार्गव के निर्देश में चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें रतिराम जाखड़ को अध्यक्ष, दामोदर मीणा उपाध्यक्ष, दिलिप मीणा महामंत्री, अजीत कुमार मीणा संयुक्त मंत्री, गोपाल राहड संगठन मंत्री,ज्योती बुरड़क कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



## बैंकॉक में 80000 रुपए वेतन की नौकरी का झांसा, टारगेट पूरे नहीं होते तो मिलती सजा, 8वीं फेल टैंपो चालक ने ऐसे ठगा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** विदेश में मोटे वेतन पर नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर युवक को म्यांमार में बंधक बनाकर साइबर अपराध में धकेलने वाले आरोपी महेश कुमार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी श्रवण कुमार नील ने बताया कि कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित का संपर्क करीब तीन माह पहले महेश कुमार निवासी मण्ड्रेला रोड से हुआ था। महेश ने उसे बताया कि वह बैंकॉक में अच्छी नौकरी लगवा देगा। जहां प्रतिमाह अस्सी हजार रुपए वेतन मिलेगा। इस पर पीड़ित ने ऑनलाइन तीस हजार रुपए और नकद एक लाख सत्तर हजार रुपए महेश को दे दिए। इसके बाद महेश ने युवक को थाईलैंड भेजा, जहां उसका एजेंट मिला। एजेंट युवक को जंगलों के रास्ते म्यांमार ले गया और पहाड़ों के बीच बंधक बनाकर रखा। वहां कई देशों से लाए गए युवकों के साथ उसे अमरीका के नागरिकों से ऑनलाइन ठगी करवाने के लिए मजबूर किया जाता था। रोजाना तीन लोगों को ठगने का लक्ष्य दिया जाता था और असफल होने पर मारपीट और उत्पीड़न होता था। एक दिन बंधक बनाने वाले मौके से फरार हो गए। जिसका फायदा उठाकर सभी युवक थाईलैंड आर्मी के पास पहुंचे। वहां से उन्हें भारत भेज दिया गया। पीड़ित ने लौटकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि महेश और उसके एजेंटों ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए हड़पे और म्यांमार में बंधक बनाकर साइबर ठगी करवाई। पुलिस ने आरोपी महेश कुमार को दस्तयाब कर पूछताछ की। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आठवीं कक्षा फेल है और टैम्पो चलाता है। लेकिन विदेश भेजने के नाम पर लोगों को फंसाकर ठगी करता था। मामले में और लोगों के भी शिकार होने की आशंका जताई जा रही है।



## झुंझुनूं में खेल ग्राउंड की बदहाली पर भड़की एनएसयूआई

# घास उखाड़कर प्रिंसिपल ऑफिस तक किया मार्च, 22 तक मरम्मत नहीं तो कलेक्ट्रेट पर देंगे धरना

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं में मोरारका कॉलेज में खेल ग्राउंड की खराब हालत को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने मैदान में उगी घास खुद उखाड़ी और हाथों में लेकर प्रिंसिपल कार्यालय तक मार्च निकाला। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन खेल गतिविधियों को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। कॉलेज के खेल ग्राउंड में लंबे समय से घास उगी हुई थी, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास में दिक्कत आ रही थी। खो-खो और बास्केटबॉल टीमों के गठन की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन मैदान की स्थिति खराब होने के कारण छात्रों ने कहा कि उन्हें रोज परेशान होना पड़ रहा है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ ने कहा कि कई बार



आग्रह करने के बावजूद मैदान की मरम्मत नहीं हुई। हमने पहले फूल देकर निवेदन किया, शांति से अपनी बात रखी, लेकिन उसके बावजूद ग्राउंड की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। मजबूर होकर आज हमें यह घास लेकर प्रिंसिपल कार्यालय के सामने आना पड़ा है। उन्होंने बताया कि खो-खो और बास्केटबॉल की टीमें तैयार हो रही हैं, ऐसे में खराब मैदान खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवरोध है। उन्होंने कहा- जब बच्चों के खेल चल रहे हों और उसी दौरान मैदान में घास उग आए तो यह कहीं न कहीं कॉलेज की खेल नीति के प्रति गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। जाखड़ ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में बने चौधरी चरण सिंह पार्क का नाम भी बिना सूचना हटाया गया है, जिसे लेकर भी छात्रों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई इन सभी मुद्दों पर लगातार आवाज उठा रही है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसी अव्यवस्था के विरोध में छात्रों ने सोमवार को कॉलेज परिसर में जोरदार नारेबाजी की और खेल मैदान को जल्द सुधारने की मांग दोहराई। जाखड़ ने चेतावनी दी कि यदि 22 नवंबर तक खेल ग्राउंड की हालत सही नहीं की गई तो इसका विरोध और तेज करेंगी। 'प्रिंसिपल ने हमें 22 तारीख तक का समय दिया है। अगर तब तक ग्राउंड की मरम्मत नहीं होती, तो प्रिंसिपल का हर सुबह उसी घास से स्वागत किया जाएगा। जिस कुर्सी पर वे बैठते हैं, उसमें भी घास डाल दी जाएगी। इसके बाद हम दरी लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। छात्रों ने कहा कि खेल केवल अतिरिक्त गतिविधि नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।वे बोले– 'मैदान की बदहाली से हमारी तैयारी और करियर प्रभावित हो रहा है।' 23 तारीख से पहले घास हटाने और जमीन समतल करने का काम पूरा कर दिया जाएगा। छात्रों को साफ-सुथरा मैदान मिलेगा।

## लक्ष्मणगढ़ में युद्ध स्मारक का हुआ शिलान्यास



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नगर पालिका ट्रीटमेंट परिषर में सोमवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति एवं लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में 'वार मेमोरियल' (युद्ध स्मारक) शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया।इस दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम में स्थानीय विधायक गोविंद सिंह डोटासरा एवं उत्तर प्रदेश के सांसद एवं उप नेता राज्यसभा प्रमोद तिवारी द्वारा शिलान्यास की आधारशिला रखी गई।इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष मुस्तफ़ा कुरैशी, पंचायत समिति प्रधान मदनलाल सेवदा,बनवारीलाल पांडे, पवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिहाग, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता गिठाला मंचस्थ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।भूतपूर्व नौ सैनिक रामस्वरूप महला ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।इस वॉर मेमोरियल की स्थापना में 25 लाख विधायक कोट एवं 25 लाख राज्य सभा सांसद कोटे से देने की घोषणा की गई है।अपने उद्बोधन में सांसद तिवारी ने कहा कि राजस्थान की लक्ष्मणगढ़ में बनने जा रहे इस स्मृति की धरोहर से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी एवं इसके लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। आयोजित कार्यक्रम के दौरान वयोवृद्ध शहीद वीरांगना देउ देवी के सानिध्य में नगरपालिका प्रशासन के सहयोग से लक्ष्मणगढ़ तहसील की शहिद वीरांगनाओं और गैलंट्री अवार्ड प्राप्त पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पूर्व सैनिक वेलफेयर समिति के कैप्टन शिवराम सिंह, संसार सिंह मील डुडवा,चोखाराम बुरडक, सीकर लीग के अध्यक्ष परमेश्वर लाल बुरडक,घीसालाल ख्यालिया, सूबेदार जमालुद्दीन, सार्दुल खाँ, विनोद ढाका, गोपाल बुडानियाँ, हरदयाल सिंह,भागीरथ डुडवा आदि ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कैप्टेन भागीरथ सिंह माधोपुरा ने पूर्व सैनिक संघ को एक लाख रुपए, कुरड़ाराम भास्कर ने एक लाख रुपए एवं सूबेदार गोपाल सिंह, हमीरपुरा ने 51000 रुपए का सहयोग करने की घोषणा की।रणजीत गढ़वाल ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन फूलसिंह थांकन, प्रदीप दाधीच एवं संसार मील ने किया।

## सुलताना में बड़ा हादसा, बस के गेट पर खड़ा युवक पिकअप से टकराकर गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** जिले के सुलताना कस्बे में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहां चलती बस के पिछले दरवाजे पर खड़ा एक युवक सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह पूरी घटना पास की एक दुकान पर लगे कैमरे में कैद हो गई है ।

### बस के दरवाजे पर खड़े होने की गलती

जानकारी के अनुसार, किठाना गांव निवासी सचिन पुत्र सुभाष अपनी मां और भाभी के साथ सिंघाना-चिड़ावा मार्ग पर चलने वाली एक निजी बस में सवार होकर सुलताना में खरीदारी करने आ रहा था।सचिन लापरवाही से बस के पिछले दरवाजे पर खड़ा हुआ था। सुलताना बस स्टैंड से कुछ पहले सड़क किनारे पानी की सप्लाई वाली एक पिकअप खड़ी थी।बस जब उसके पास से गुजरी, तो दरवाजे पर खड़ा सचिन सीधे पिकअप से टकराया और सड़क पर गिर गया। इस टक्कर से सचिन के सिर में गंभीर चोट आई । हादसे के तुरंत बाद बस रुकवाकर



परिचालक ने आसपास के लोगों से मदद मांगी।लोगों ने सचिन को तुरंत एक कैंपर गाड़ी से सुलताना के निजी अस्पताल पहुंचाया। सुलताना में प्राथमिक उपचार के बाद सचिन को झुंझुनूं के BDK अस्पताल रेफर किया गया। सचिन की हालत की गंभीरता को देखते हुए BDK अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे तुरंत जयपुर रेफर कर दिया ह। यह दुर्घटना यात्री की लापरवाही और सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के गंभीर परिणामों को दर्शाती है ।

## न्यू राजस्थान में ईशिका कालेर व आयना श्योराण बनी मिस फ्रेशर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष व स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध की नवागंतुक छात्राओं के लिए 'नई उम्मीदें, नए सितारे' थीम पर आधारित फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि शिवकरण जानू, चेयरमैन गीतांजली ज्वैलर्स रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद जानू, पार्षद नगर परिषद झुंझुनूं ने की। विशिष्ट अतिथि प्रमोद बुडानिया, पार्षद नगर परिषद झुंझुनूं थे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि प्रतिवर्ष नवांगन्तुक छात्राओं का अभिनंदन कर उन्हें महाविद्यालय के माहौल से परिचित करवाया जाता है और बताया कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी तालमेल, सशक्तिकरण बढता है तथा महाविद्यालय का समय अत्यन्त महत्वपूर्ण समय होता है, जिसमें हम बहुत कुछ सीखते है। मुख्य अतिथि शिवकरण जानू ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा छात्राओं को कायरता से नहीं आत्मविश्वास के साथ समाज में प्रत्येक समस्या का डटकर सामना करना चाहिए और परिवार व स्वयं के मान-सम्मान को सुरक्षित रखना चहिए, साथ ही छात्राओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित किया और कहा कि महाविद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। संस्था सचिव पीयूष ढूकिया ने बताया कि छात्राओं को शिक्षा-पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में आगे आकर अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहिए एवं अपने भविष्य के लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरणा दी। विभिन्न चरणों को पार करते हुए स्नातक स्तर पर छात्रा ईशिका कालेर मिस फ्रेशर का खिताब जीता, पूर्व मिस फ्रेशर मुस्कान ने ताज पहनाकर स्वागत किया तथा शिया ने मिस ब्यूटी एवं अंकिता जांगिड़ ने मिस पर्सनल्टी का खिताब जीता एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छात्रा आयना श्योराण मिस फ्रेशर का खिताब जीता, पूर्व मिस फ्रेशर ने बिड्डूराज ने आयना श्योराण को ताज पहना कर स्वागत किया, प्रिया ने मिस ब्यूटी व दिव्या डारा ने मिस पर्सनल्टी का खिताब जीता। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने धन्यवाद ज्ञापित किया मंच का संचालन पूर्वा, रक्षिता एवं निशा ने किया। इस अवसर पर उपप्राचार्या पिंकेश सहित समस्त स्टाफ सदस्य व छात्राए उपस्थित रहे।

## ढेवा की ढाणी ने जीता जूनियर बालिका वर्ग का खिताब

## 12 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन, रोमांचक मुकाबले में बनगोठड़ी उपविजेता

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं-जिला वालीबॉल संघ द्वारा आयोजित 52वीं वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ढेवा की ढाणी ने कड़े मुकाबले में बनगोठड़ी को हराया। राउमावि ढेवा की ढाणी के खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर की 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 12 प्रतिभाओं का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। झुंझुनूं-जिला वालीबॉल संघ झुंझुनूं के तत्वावधान में राउमावि ढेवा की ढाणी के खेल मैदान में दो दिवसीय 52वीं वालीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। जूनियर बालिका वर्ग की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिलेभर की कुल 8 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में ढेवा की ढाणी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और विजेता का गौरव हासिल किया। वहीं, बनगोठड़ी की टीम ने भी शानदार मुकाबला करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में डिवीपी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के खेल मैदान में फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। फेडरेशन के सचिव महावीर प्रसाद जाखड़, ज्वाइंट सेकेट्री विद्याधर जाखड़, कोषाध्यक्ष नाहर सिंह, ओम प्रसाद बनगोठड़ी, राम करण डूंडलोदऔर मनोज टांक ने संयुक्त रूप से फेडरेशन का झंडारोहण करके प्रतियोगिता का आगाज किया। प्रतियोगिता के समापन पर सचिव महावीर प्रसाद जाखड़ ने बताया कि 12 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का प्राथमिक चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों के लिए जल्द ही एक कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए फाइनल सूची तैयार की जाएगी। ये चुनी हुई प्रतिभाएं आगामी 6 से 8 दिसंबर को मौलासर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झुंझुनूं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रधानाचार्य राय सिंह महला ने प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, टीमों और विशेष रूप से आर्थिक सहयोग के लिए सुरेश कुमार सिरसवा का आभार व्यक्त किया।

## कार ने मारी दो बाइको को टक्कर, दो घायल

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे के एनएच 11 सर्विस रोड पर कार ने दो बाइकों को टक्कर मारी । जिसमें दोनो बाईक सवार घायल हो गये। कार मौके से फरार हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बाईक सर्विस रोड पर दो बाइक सवार हिरो शोरूम की तरफ से आ रहे थे। सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी । प्राप्त जानकारी अनुसार घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर लाया। एक बाईक सवार मांगीलाल पुत्र दुर्गाराम उम्र 24 वार्ड सं 23 राजलदेसर को गम्भीर चोट के कारण हायरसेन्टर रैफर कर दिया। दुसरे बाईक सवार प्रेम पुत्र हुकमाराम उम्र 23 निवासी वार्ड सं 23 राजलदेसर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज़ नहीं हुआ।



## मूलभूत आवश्कताओं में सतत सुधार होना जरुरी - महर्षि

**रतनगढ़(निसं.)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सोमवार को शहर के वार्ड नंबर 23 व 05 में नई सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान वार्डवासियों ने महर्षि का साफा,दुपट्टा एवम पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। महर्षि ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा,सड़क, बिजली एवम पानी मूलभूत आवश्यकताये है। जिनमे समय समय पर सतत रूप से सुधार होना अनिवार्य है । सड़क आवागमन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो उस शहर के विकास की कहानी बयां करता है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 23 में कुरड़ाराम मेघवाल के घर से वाया भंवरलाल मेघवाल, ओंकारमल, घडसीराम आलाडीया के घर से होते हुए देराजसर मुख्य सड़क तक सी.सी.सड़क निर्माण कार्य लगभग 16.57 लाख रुपये की लागत से एवम वार्ड नंबर 05 में गोपाल के घर से सिकंदर के घर तक एवम नेहरू स्टेडियम की दिवार से विजय कुमार सैनी के घर तक सी.सी सड़क निर्माण कार्य 18.04 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत करवाया गया है। सैनी ने बताया कि शहर के विभीन्न वार्डों में सघन संपर्क करते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाए जा रहे है भाजपा 'सबका साथ, सब का विकास, सबका विश्वास' के मूलमंत्र को साकर करने वाली पार्टी है, जो कार्य को पूर्ण करवाने में विश्वास रखती है। इस दौरान भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा,दीनदयाल पारीक,जिला प्रवक्ता ओम महर्षि,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला,प्रमोद शर्मा,हीरालाल घोड़ेला,शंकर गौड़,नागरमल पापटान,महेन्द्र पारीक,शिवम् सैनी ,सिकन्दर,श्यामलाल जाजम,नानू देवी,कन्हैलाल शर्मा मनोज मीणा,दीपचन्द प्रजापत,सुशील इन्दौरिया,नरसी मलिंडा, सोहनलाल मेघवाल,पूर्णमल मंडार,प्रदीप माहिच, राजा मंडार,जीवनराम माहिच,घडसीराम आल्डीया, रिछपाल प्रजापत,मनोज मेघवाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवम वार्डवासी उपस्थित थे ।



**शेखावाटी जयपुर टाइम्स**

जयपुर, मंगलवार
18 नवम्बर, 2025

# आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन मना रहा हैं रजत जयंती समारोह, आदर्श ग्रुप ने किया शिक्षकों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के श्री आदर्श ग्रुप ऑफ एज्युकेशन में सोमवार को रजत जयंती महोत्सव का आगाज आदर्श शिक्षक स्नेह मिलन समारोह के साथ किया गया। जिसमें आदर्श ग्रुप की स्थापना से आज तक संस्था को अपने परिश्रम से सींचने वाले समस्त शिक्षक साथी उपस्थित रहे। संस्थापक स्व चतुर्थीलाल लाटा व संस्थापक संरक्षिका स्व लक्ष्मी देवी लाटा के चित्र के आगे पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन संस्था के फाउंडेशन बैच के प्रकाश प्रजापत, निलेश इंदौरिया, आनंद पुनियां, परमानंद स्वामी, करणी राम मीणा, महेंद्र पुरोहित, राजेश शर्मा द्वारा किया गया। निदेशक गिरीश लाटा, अध्यक्ष भरत बच्छावत, सचिव राधा लाटा, एकेडमिक निदेशक राधेश्याम शर्मा, शिवरतन पारीक, सुशील गोस्वामी, राधा सारस्वत, हेमलता महर्षि, नारायण लाटा, कपिल सारस्वत द्वारा पुरातन साथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह निदेशक गिरीश लाटा ने संस्थापक स्व चतुर्थीलाल लाटा, ममतामयी माताश्री स्व लक्ष्मी देवी लाटा को स्मरण करते हुए उनकी दूरदृष्टी सोच, समर्पण व सादगी की चर्चा करते हुए सरदारशहर को शिक्षा क्षेत्र में सिरमौर बनाने की उनकी संकल्प साधना में सारथी बने समस्त पुरातन साथियों को सेल्यूट किया। निदेशक लाटा ने रजत यात्रा में संस्था को अपने परिश्रम से सींचने वाले साथियों के योगदान व निस्वार्थ भाव से किए गए कार्यों को याद करते हुए अनेक बार भावुक होकर उन्होंने कहा कि आदर्श संस्था आपके त्याग व समर्पण से की गई सेवा के लिए सदैव ऋणी रहेगी। समारोह में रामनिवास पारीक, हरिप्रकाश शर्मा, रामलाल जाखड़, डॉ ओमप्रकाश महर्षि, डॉ संपत बोहरा, युधिष्ठिर चारण, निलेश इंदौरिया, प्रकाश प्रजापत, अशोक धौलपुरिया, राजेश शर्मा, कैलाश गंडाश, गजानंद रैगर, चंद्रप्रकाश मोनपुरिया, संदीप शर्मा, धीरज शेखावत, राकेश सांकृत्य, अजय रोहिला, पवन पारीक, संतोष मेघवाल, मनीष सोलंकी, डॉ मामराज सारण, श्रीराम प्रजापत, रमेश प्रजापत, सूरजमाल सिंह रायका, पंकज भोजक ने विद्यालय परिवार से जुड़ी यादों को ताजा करते हुए आदर्श में बिताए हुए पलो को यादगार बताया। चेतना एंड ग्रुप की तरफ से एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पुरातन साथियों ने विद्यालय में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। समारोह के बाद आदर्श परिवार द्वारा सभी साथियों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। अभिमन्यु लाटा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा दूगड़ व ज्योति पुगलिया द्वारा किया गया।

## रथ यात्रा को लेकर हुई तैयारी बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सोमवार को भारतीय किसान संघ की तहसील बैठक तहसील अध्यक्ष पृथ्वी सिंह की अध्यक्षता में संभाग मंत्री शंकर महर्षि जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि भगवान बलराम किसान जागृति रथ यात्रा 2 दिसंबर कानूता से शुभारंभ होगा। जिसमें जिले के प्रत्येक खेत को सिंचाई का पानी दिए जाने की मांग को लेकर एवं किसानों की अन्य विभिन्न मांगों को लेकर रथ यात्रा शुरू होगी। इसको लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क करने हेतु टोली का गठन किया गया है। बैठक में सुभाष पारीक, ओमप्रकाश तुनवाल, राजेन्द्र पथानिया, महावीर प्रसाद, बाबूलाल गुर्जर विमल जाँगिड, महावीर सिंह सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## पंडित जयदेवप्रसाद इन्दौरिया की 11 वी पुण्य तिथि जरूरतमंदो को गर्म कम्बल वितरण कर मनाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** पूर्व विधायक पंडित जयदेव प्रसाद इन्दौरिया की 11 वी पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय महेश्वरी भवन में जरुरतमंद व्यक्तियो को गर्म कब्बल वितरण कर मनाई गई।। व श्रदांजली सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, जयप्रकाश तमारायत,चतुर्भुज गोस्वामी,वासुदेव चाकलन,निरंजन देव रूंथला,सुबोध सारस्वत,संतोष तालनिया,अर्जुन सिंह फ्रासा,नरेंद्र इन्दौरिया,पार्षद निखिल इन्दौरिया, श्यामसुंदर स्वामी,महावीर महर्षि,प्रदीप शर्मा,रामदेव चंदनिया,धनराज इन्दौरिया,उम्मेद मिश्रा,सुशिल इन्दौरिया, विष्णु धर्ड, भिवराज प्रजापत,विष्णु प्रजापत,सलीम खान,दिलीप सोनी,रमेश मोयल,इन्द्रचंद बीयाला सहित शहर के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।।

## शांति कुटीर सरदारशहर का दिव्य तीर्थस्थल बनेगाः दण्डी स्वामी श्री ब्रह्मानंदजी महाराज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के श्री लोकरंजन परिषद की स्थापना के शताब्दी वर्ष 100 के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह कथा में व्यासपीठ पर विराजमान परमपूज्य दण्डी स्वामी श्री ब्रह्मानंदजी महाराज के भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, दधिमन्चन लीला, गोपी प्रेम, माखन चोरी आदि की भावपूर्ण रसप्ररण कथा सुनाई। प्रातः स्मरणीय 200 साहित्य संगीत नाट्यकला ममेरी संतहृदय श्रद्धेय बाबू शोभाचंद जम्मड़ द्वारा सन् 1925 में श्री लोकरंजन परिषद की स्थापना की थी। कथा में श्रीमद्भागवत महापुराण के दशमास्कथा कथा के विभिन्न प्रसंगी की आध्यातिमक चर्चा की। कथा में शहर का चहूंमुखी विकास करने वाले भामाशाह विकास मालू का लोकरंजन परिषद द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश डॉ श्यामसुंदर लाटा, बृज?मोहन सर्राफ, जगदीश जैसनसरिया, शंभूदयाल पारीक, चिमनलाल उम्मेद बुच्चा, नारायणचंद पांडिया, महावीर माली, मुखराम नाथोलिया, सुखाराम पारीक, गिरधारीलाल पारीक ने इससे पूर्व संत ने उन्हे आशिर्वाद दिया।

## अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना हेतु अल्पसंख्यक छात्रों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए संचालित अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया ने बताया कि जिले के राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र एस.एस.ओ. पोर्टल (sso.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन देना और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु छात्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत विवरण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के वेब पोर्टल http// sje.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

## 'अस्मिता खेलो इंडिया पेंचक सिलाट लीग' का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** सीकर महिलाओं को खेलों में बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 'अस्मिता खेलो इंडिया पेंचक सिलाट लीग 2025-26' का सफल आयोजन सीकर के वृन्दावन सिटी स्थित आर. के. मंत्रा इंस्टीट्यूट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी में किया गया। खेलो इंडिया के बैनर तले स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में 5 वर्ष की छोटी बालिकाओं से लेकर 45 वर्ष तक की कुल 204 महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने किया उद्घाटनप्रतियोगिता के शुभ आरम्भ में मुख्य अतिथि की भूमिका अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार,सुभाष महरिया ने निभाई। उनके साथ ईश्वर सिंह राठौर (पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर) और बाबूलाल गुर्जर (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी) भी उपस्थित रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने अपने खेल के दौर के अनुभव सांझा करते हुए खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजकुमार भास्कर जिलाध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ ,सुरेश कुमार बोरख सहकारिता इंस्पेक्टर, समाजसेवी साधना सेठी ने पुरस्कार विजेताओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।खेल और शिक्षा के तालमेल पर जोर आयोजन कर्ता आर के कुड़ी और सुरेन्द्र कुमार राड़ ने बताया कि सीकर में इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने से शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी ज़िले की सहभागिता बढ़ेगी और प्रतिभाओं को उचित मंच मिलेगा।आयोजन के दौरान पेंचक सिलाट के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें रवि चौधरी, अदिति नाहरला, कामाक्षी शर्मा, लक्षिता पांडेय, रामसिंह कुड़ी, और निकिता चौधरी जैसे खिलाड़ी शामिल रहे।

## हिंदुस्तान स्काउट गाइड के मुख्य जिला आयुक्त होगे शर्मा



**झुंझुनूंः** झुंझुनूं में सोमवार को नव आगंतुक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा CBO कार्यालय को हिंदुस्तान स्काउट गाइड के डीईओ प्रदीप ईसर वाल ने टीम के साथ स्कार्फ पहनकर स्काउट रीति से स्वागत किया। आज से अशोक शर्मा होंगे हिंदुस्तान स्काउट गाइड के मुख्य जिला आयुक्त, इस अवसर पर उपस्थित सभी को मिठाई खिलाकर स्वागत किया ।इस दौरान अशोक जांगिड़ सहायक निदेशक जय पाल अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक,सत्यवीर पूनिया मंडावा ब्लॉक उपाध्यक्ष ,पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ,ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर आदि उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर में 121 रक्त वीरों ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के चौधरी एआरग्रुप ऑफ एजुकेशन की ओर से रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 121 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, ब्लड मैन ऑफ इंडिया डॉ अमर सिंह नायक, पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, डॉ चंदन मोठसरा, पूर्व उप प्रधान ताराचंद सारण, महावीर चौधरी और गणेशदास स्वामी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या कल्पना मौर्य, स्कूल प्राचार्य शीशपाल प्रजापत, धापा भादू, व्याख्याता बजरंग लाल सैनी, दानाराम कालवा, महेंद्र सिंह, सीताराम, आकांक्षा , संगीता, नेतराम, रजत, मांगीलाल, अजीज, आसाराम, फारूक, धनेश सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। शिविर का संचालन शीशपाल प्रजापत ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक श्रवण कुमार सारण एवं निदेशक जयचंद सारण ने बताया कि संस्थान समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। यह विद्यालय की ओर से आयोजित दूसरा रक्तदान शिविर है। उन्होंने सभी आगंतुकों एवं रक्तदाताओं का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में सरकारी बसों का स्टेंड आखिर क्यों नहीं

### आखिर कितने पैसे करें खर्च विधार्थी और कहां से लाएं पैसा

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ बस डिपो से विधार्थी आखिर शेखावाटी विश्वविद्यालय में क्यों नहीं जा सकते। लगातार चल रही विधार्थीयों की परेशानी के लिए पूर्व में विधार्थियों ने आक्रोश व्यक्त किया था । कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के सामने क्यों नहीं रोका जाता है। सोमवार को एक विधार्थी नवलगढ़ बस डिपो पर एक घंटे तक इंतजार करता रहा कि शेखावाटी विश्वविद्यालय छोड़ने वाली बस कब आए जो भी बस सीकर जा रही थी उनके परिचालक या टिक्ट कर्मी से पूछतें है तों वो सिर्फ सीकर की सवारी ही बिठा रहे हैं। जब एक विधार्थी बस में बैठता है तों टिकट कर्मी उसको सीकर उतारने के लिए कहता है। जबकि राजस्थान की दुसरी युनिवर्सिटी शेखावाटी विश्वविद्यालय है वहां स्टेंड भी है लेकिन वाहनचालक रोकने के लिए मना करतें हैं। उक्त विधार्थी ने टिकट कर्मी को में शेखावाटी विश्वविद्यालय का छात्र हूं मुझे वहीं जाना है टिकट कर्मी कहता है कि हमारा स्टेंड नहीं है हम सीकर ही उतारेंगे। विधार्थी मायूसी में होकर सीकर जाना पड़ता है। और सीकर से वापस उसको बस पकड़ कर आना पड़ता है। आखिर विधार्थी इतने पैसे कहां से दें। राजस्थान सरकार एक और विधार्थी के लिए सुविधाएं कर रहे हैं एक और सरकारी बस उनकी व्यवस्था को भंग कर रहे हैं। विधार्थी ने खबर के माध्यम से सरकारी बस के प्रबंधक को जगाने का कार्य करना चाहा है अपनी पीड़ा व्यक्त की हैं। बस परिचालक विधार्थी को और राजस्थान की शान शेखावाटी विश्वविद्यालय की और सोचते हुए विधार्थी के लिए जल्द उचित फैसला लें।

## जिले के महाविद्यालयों में आयोजित हुए कलस्टर कैंप

**चूरू** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले के महाविद्यालयों में सोमवार को कलस्टर कैंपों का आयोजन किया गया तथा छात्र–छात्राओं को एसआईआर–2026 के तहत ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने की जानकारी दी गई। सोमवार को चूरू जिला मुख्यालय पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय में कलस्टर कैंप में विद्यार्थी, स्टाफ व परिवार सदस्यों को मिलाकर कुल 51 गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरे गए। कलस्टर कैंप में महाविद्यालय के डॉ सरोज हारित, डॉ धीरज सहित संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों को एसआईआर– 2026 के बारे में जानकारी दी तथा ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित किया।

## निशुल्क नेत्र जांच व दवाईयां वितरण, 88 मरीजों के आंखों का किया ऑपरेशन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच व दवाई वितरण शिविर स्वर्गीय श्री मति बख्तावरी देवी, माताजी स्वर्गीय शिवदानराम, पिताजी स्वर्गीय बजरंग दुबे भाईजी की स्मृति में उनके पुत्र, भाई परमेश्वर दुबे के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया। मिडिया प्रभारी लायन अंजना भोजक ने बताया कि शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ पवन चौधरी ने 9 नवंबर को ऑपरेशन किये गये 88 मरीजों की जांच कर उन्हे दवाई का वितरण किया। शिविर को सफल बनाने में सचिव लायन सुशील भोजक, लायन अनिल गोयल, डॉ पूनमचंद भाटी, महेन्द्र निर्वाण, मुबारक तुगलक, सुभाष जांगिड, सीतारामजी दुबे, गिरधारीलाल आदि ने सहयोग किया।



## डाईट में क्रियात्मक अनुसंधान कार्यशाला का तृतीय चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) झुंझुनू में चार दिवसीय तृतीय चरण क्रियात्मक अनुसंधान कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रिंसिपल डाईट सुमित्रा झाझड़िया के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 35 शिक्षक एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोगियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने अनुसंधान प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझते हुए शोध के प्रत्येक चरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय, कक्षा तथा समुदाय स्तर से वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित डेटा संग्रहण का कार्य गंभीरता एवं अनुशासन के साथ पूरा किया। साथ ही, कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों, चुनौतियों और निष्कर्षों पर विचार-विमर्श कर शोध-आधारित शिक्षा की गहरी समझ विकसित की। प्रशिक्षण का संचालन आईएफआईसी प्रभागाध्यक्ष डॉ. राजबाला ढाका, प्रभारी अलका, प्रभागाध्यक्ष ई.टी. सरिता तथा पीरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीडर अशगाल खान द्वारा सहज एवं प्रभावी शैली में किया गया। वरिष्ठ शोध विशेषज्ञ अमर सिंह पुनिया ने प्रतिभागियों को शोध के महत्व, दृष्टिकोण तथा व्यवहारिक पद्धतियों से अवगत कराया।सहयोगी संस्था कनेक्टिंग ड्रीम फाउंडेशन से विनय तथा जर्मनी के तकनीकी विशेषज्ञ प्रोशांतो ने अनुसंधानकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर डेटा संग्रहण व विश्लेषण प्रक्रिया पर मूल्यवान सुझाव प्रदान किए। प्रोशांतो ने शोध को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए प्रतिभागियों को नवीन तकनीकी दृष्टि प्रदान की। अंतिम दिन आयोजित प्रस्तुति सत्र में सभी शिक्षकों ने अपने अनुसंधान विषय, समस्या की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, शोध प्रश्न, डेटा संग्रहण विधियाँ, अपेक्षित परिणाम एवं समाधानों सहित विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त सुझावों को प्रतिभागियों ने सकारात्मक रूप से स्वीकारते हुए अनुसंधान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रिंसिपल सुमित्रा झाझड़िया ने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षकों को वास्तविक समस्याओं की पहचान कर शोध-आधारित समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। यह कार्यशाला शिक्षकों को शोध-उन्मुख बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों द्वारा एकत्रित डेटा का वर्गीकरण, विश्लेषण एवं प्रवृत्तियों की पहचान जैसे कार्य भी प्रारंभ किए गए, जिससे शिक्षकों में साक्ष्य-आधारित निर्णय क्षमता और अनुसंधान कौशल का विकास हुआ। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि शोध कार्य को विद्यालय व पंचायत स्तर तक आगे बढ़ाते हुए वे अपने निष्कर्षों को व्यवहार में लागू करेंगे, जिससे जिले में अनुसंधान-आधारित शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय का छात्र एनसीसी कैडेट्स ट्रेकिंग कैंप गुजरात में लेगा भाग

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय से एनसीसी कैडेट्स ट्रैकिंग कैंप के लिए रवाना किया गया। महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कमलेश जोशी ने बताया कि महाविद्यालय से शिवसिंह पुत्र अनोपसिंह गांव आसलसर, कक्षा बीएससी को गुजरात ट्रैकिंग कैंप के लिए 16 नवंबर को महाविद्यालय से रवाना किया गया है। यह कैंप दिनांक 17 से 24 नवंबर तक राजपिपला गुजरात में आयोजित होगा। लेफ्टिनेंट जोशी ने बताया कि एनसीसी ट्रैकिंग कैंप एक साहसिक और शैक्षिक अनुभव है जो युवाओं को प्रकृति के करीब लाता हैं। टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए ट्रैकिंग कैंप के लिए रवाना किया।

**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी / 2025–26 / 2681 दिनांक–13.11.2025

**ई–निविदा सूचना सख्यां 08/2025–26**

नगरपालिका बीदासर में निम्नलिखित सप्लाई / सेवा / निर्माण कार्यो के लिये नियमों के अन्तर्गत नगर निगम बीकानेर / नगरपालिका बीदासर में पंजीकृत व अन्य विभागों के 'A' एवं 'AA' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से निविदा से कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य दिनांक 13.11.2025 को 17:00 बजे से तथा दिनांक 20.11.2025 समय 18.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा जमा करवाई जा सकती है। निविदा षर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eprco.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB CODE : DLB2526A8081
UBN NO. DLB2526WSRC24276

अध्यक्ष
नगरपालिका मण्डल,बीदासर
राज.संवाद / सी / 25 / 14022

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका,बीदासर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सुजानगढ़**
E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः अअ/जनस्वा/निविदा/2025-26/1608-1622 दिनांक : 11.11.2025

**निविदा सूचना संख्या 33 से 34 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में नियमानुसार प्रभावी आदेशों (समय-समय पर संशोधित) के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के विक्रय की अंतिम तिथि एवं प्राप्ति / खोलने की तिथि कार्य के सामने अंकित की गई है। निविदा विक्रय/प्राप्ति/खोलने के दिन अवकाश होने पर निकाय की प्राप्ति/खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। फर्म अथवा ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय निविदा शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र, जीएसटी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। फैक्स/तार द्वारा भेजी गई निविदा मान्य नहीं होगी। निविदादाता विभागीय बेबसाईट www.sppp.raj.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करके भी भिजवा सकते है, ऐसी स्थिति में धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क ई-ग्राम के माध्यम से ही जमा करवाना होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदाएं विक्रय तिथि की अंतिम तिथि की सांय 6.00 बजे तक है। प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जावेगी। कार्य को आवश्यकतानुसार घटाने-बढाने अथवा बिना कोई कारण बताए निविदा को निरस्त करने के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा तथा देरी से प्राप्त होने वाली निविदा के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कोई विवाद उत्पन्न होने पर याद चूरू न्यायालय में दायर किया जायेगा, भारत में स्थित अन्य किसी करबा या शहर में नहीं।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 33/2025-26 | PHE2526WSOB 08424 |
| 34/2025-26 | PHE2526WSOB 08425 |

(कैलाश चन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता.
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ

DIPR/C/16806/2025